

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार,14 अक्टूबर 2024
संवत 2081, आश्विन शुक्ल 12 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 37 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा
मुंबई में बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बढ़ाई गई सलमान की सुरक्षा ◀◀ 6

## ट्राले की टक्कर से डंपर में जा घुसी कार उड़े वाहन के परखच्चे, 5 की दर्दनाक मौत



**कानपुर :** उत्तर प्रदेश के कानपुर-इटावा एलिवेटेड हाईवे पर सोमवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में पांच युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा भौती ढाल के पास हुआ जब एक डंपर ने अचानक ब्रेक लगाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रही एक ऑल्टो कार उससे टकरा गई। इस टक्कर के बाद पीछे से आ रहा एक ट्राला भी ऑल्टो कार से जा भिड़ा। इस भीषण टक्कर में ऑल्टो कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांच लोग मौके पर ही मारे गए। मृतकों की पहचान पीएसआईटी के छात्रों के रूप में हुई है। इनमें दो छात्राएं आयुषी पटेल (बीटेक फर्स्ट ईयर कंप्यूटर साइंस) और गरिमा त्रिपाठी (बीटेक थर्ड ईयर) के साथ-साथ प्रतीक सिंह (बीटेक फोर्थ ईयर) और सतीश (बीटेक थर्ड ईयर) शामिल हैं। कार चालक विजय साहू (सनिगवां निवासी) भी इस हादसे में मारा गया। पुलिस और अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों को बाहर निकाला है। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस इस मामले में सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों के परिवारों और दोस्तों में गहरा शोक है।

झारखंड में ईडी का बड़ा एक्शन

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर के ठिकानों पर छापेमारी भाई और पीएस के आवास पर भी दी दबिश

## 20 जगहो पर ईडी की रेड, रांची और चाईबासा में कार्रवाई

मेट्रो रेज

**रांची :** हेमंत सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के ठिकानों पर ईडी की टीम रेड करने पहुंची है। जानकारी के अनुसार मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस और उनके भाई के घर पर भी ईडी की टीम ने रेड की है। ईडी ने एक साथ 20 जगहों पर रेड की है।



मिथिलेश ठाकुर के चाईबासा स्थित आवास पर भी ईडी की टीम ने छापेमारी की है।

ईडी की टीम मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह और मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां छापेमारी कर रही है। वहीं इसके अलावा आईएएस मनीष रंजन घर भी रेड की खबर है। बता दें, सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई के दौरान एक आईएएस स्तर के अधिकारी के यहां भी रेड की खबर मिल रही है। जानकारी के अनुसार आईएएस का नाम मनीष रंजन है।

**क्या है मामला?**

धन शोधन का मामला जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ा है। केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन (जेजेएम) का उद्देश्य घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव घोषित होने की उम्मीद है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट के बाद मुंबई हावड़ा मेल को भी बम से उड़ाने की धमकी


# नासिक आने से पहले होगा बड़ा धमाका ...



**मुंबई :** सोमवार को मुंबई हावड़ा मेल में ब्लास्ट की धमकी दी गई। जांच एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं और उन्होंने पूरी ट्रेन में तलाशी अभियान चलाया। धमाके की धमकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गई थी। सोशल मीडिया पोस्ट में टाइमर के जरिए नासिक के बाद धमाके की धमकी दी गई। एक्स पोस्ट में महाराष्ट्र पुलिस के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया है।

बम धमाके की घटना के बाद मुंबई हावड़ा मेल को सोमवार सुबह चार बजे जलगांव में रोकर तलाशी ली गई। करीब दो घंटे सघन जांच के बाद सुरक्षाकर्मियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, ऐसे में बम मिलने की धमकी मात्र अफवाह साबित हुई।

फजलुद्दीन नामक अकाउंट के जरिए ट्रेन को उड़ाने की धमकी दी गई। इसमें लिखा था कि क्या रे हिंदुस्तानी रेलवे आज सुबह खून के आंसू रोओगे तुम लोग आज फ्लाइट में भी बम रखवाया है और 12809 ट्रेन में भी रखवाया है नासिक आने से पहले बड़ा धमाका होगा। बता दें कि इससे पहले मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी भी मिली। इसके बाद हवाई जहाज को दिल्ली की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। फिलहाल तलाशी जारी है। जिसके बाद विमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां फ्लाइट की गहनता से जांच कर रही हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से इसे लेकर जानकारी उपलब्ध कराई गई है। कहा गया है, मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के एक विमान को फ्लाइट में बम की धमकी के मद्देनजर दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### बिनोद बरनवाल का निधन वैश्य सनातन समाज के लिए अपूरणीय क्षति



**कोडरमाः** बरनवाल समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी तन- मन-धन से समाज के लिए समर्पित रहने वाले चीरा-चास, बोकारो स्टील सिटी, झारखण्ड निवासी बिनोद कुमार बरनवाल का स्वर्गवास पितृपक्ष के एकादशी तिथि 28 सितम्बर, 2024 को रांची में हो गया है। गौरतलब हो कि स्व। बिनोद कुमार बरनवाल बरन विकास समिति, चास बोकारो के संस्थापक एवं सलाहकार थे। पुर्व में संरक्षक एवं 35 वर्षों तक लगातार जनसंपर्क पदाधिकारी रहे। वे विभिन्न सामाजिक संस्थानों में सक्रिय सलाहकार व न्यासी सदस्य रहे, उन्होंने अपने जीवन काल में सैकड़ो वैवाहिक संबंध जोड़ने मे मदद की, विभिन्न सामाजिक कार्यों में उनका योगदान अतुलनीय था। वे बोकारो स्टील प्लांट, सेल से सेवानिवृत्त हुए थे। जिसे लेकर कोडरमा जिला इस दुख की घड़ी में पूरे मोदी बरनवाल समाज उनके साथ हैं और साथ में महिला समिति झारखंड प्रांत बरनवाल वैश्य महासभा महिला समिति अध्यक्षा योगाचार्य सुषमा सुमन ने इस दुख की घड़ी में पूरे प्रांत के परिवार उनके साथ खड़ा है। और भगवान से प्रार्थना विनती करती हूं कि भगवान उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और इस दुख को सहने के लिए उनके परिवार को शक्ति दें और उस परिवार को इस दुख से उभर कर फिर पुणा वापस अपनी दिनचर्या में आए और समाज के सेवा में उनके बच्चे लोग जो कर रहे हैं वह करते रहें, हमारे बड़े भाई विशाल को जो भी मदद आपकी जरूरत हो आपकी बहन सुषमा सुमन हर समय तैयार है परमात्मा का जो मंजूर था। वह अपना फैसला देकर चले गए हम लोग साथ मिलकर के इस दुख से बाहर निकलना है। योगाचार्य सुषमा सुमन झारखंड प्रांत बरनवाल वैश्य महासभा महिला अध्यक्षा योगाचार्य सुषमा सुमन ने कहा इनके निधन से बरनवाल वैश्य सनातन समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

### डोमचांच पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान



**डोमचांचः** पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह के निदेर्शानुसार दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जिले भर के थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डोमचांच थाना छेत्र अवस्थित मसनोडीह के पंचगावां जंगल में अवैध शराब के खिलाफ डोमचांच पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। छापामारी के दौरान 1000 किग्रा। जावा महुआ के साथ देशी महुआ शराब एवम शराब बनाए जाने वाले उपकरण और भट्ठियों को उसी जगह पर विनष्ट कर दिया गया, इस छापेमारी में थाना के एएसआई निशात अहमद, कमल तांती के साथ पुलिस जवान शामिल रहे।

### निवर्तमान पार्षद ने लाठियोबर में किया 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**डोमचांचः** नगर क्षेत्र वार्ड 12 स्थित लाठीयोबर में निवर्तमान पार्षद मुकेश रजक ने 63 केवीए ट्रांसफार्मर का पूजा अर्चना कर व फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किए। निवर्तमान पार्षद मुकेश रजक ने बताया की लाठीयोबर में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से दो दिनों तक लोग अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के पहल से ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि 100 केवीए ट्रांसफार्मर की मांग पर 63 केवीए देना विभाग की उदासीनता दशार्ती है। छेत्र में 65 से 70 उपभोक्ता है। लोड अधिक होने से 100 केवीए की मांग की गई लेकिन 63 कवि का ही मिला हर बार आश्वासन ही मिलता है। वहीं मौके पर संतोष कुमार, अजय साहू, गोपी साहू, सचिन कुमार, चंदन रजक, पिंटू रजक, छोटेलाल साव सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीसीवाईएम का 75वां जुबली समारोह संपन्न



**रांचीः** संत पॉल विद्यालय मैदान में डायोसिस ऑफ छोटानागपुर यूथ मूवमेंट के वार्षिक शिविर सह 75वें जुबली समारोह का समापन किया गया। इस शिविर में छोटानागपुर डायोसिस के 57 पेरिश के युवा शामिल हुए। समापन समारोह के दौरान बिशप बीबी बास्के ने विशेष प्रभुभोज अनुष्ठान सम्पन्न कराया। इसमें पटना डायोसिस के बिशप फ्रांसिस हांसदा ने प्रवचन सुनाते हुए बताया कि हम विश्वास में दृढ़ कैसे हों। बिशप ने कहा कि हम अपने को दोषी ठहराते हैं। हम अपने को अकेला समझते हैं। अपने को हीन भावना से ग्रसित पाते हैं। कई परिस्थिति ऐसी होती है कि हम अपने को मूल्यहीन समझते हैं लेकिन आपका विश्वास जागता है तो यीशु आपके लिए आपके साथ खड़ा होता है। बिशप ने कहा कि यीशू आपके लिए ठहरता है। यदि आप यीशु पर दृढ़ विश्वास करते हैं तो आपके साथ आपका पूरा घराना आशीष पाता है। प्रभु यीशु की इच्छा है कि हम जीवन चुनें। यीशु हमें भरपुरी देता है, हमें जो आवश्यकता है हम उससे मांग सकते है लेकिन हम यीशु से गलत इच्छाओं की मांग करते हैं। हमें समय और अवसर को पहचानना है, आज आपके लिए अवसर है यीशु अपने विश्वास में बुला रहे हैं, इस अवसर को जाने न दें। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रख कर रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी गई व उनकी आत्मा के लिए प्रार्थना की गई।

उत्सव के दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें मिस्टर व मिस डीसीवाईएम, एकल व समूह गीत, सामुहिक नृत्य, वाक कला, कोरियोग्राफी, परिधान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मशहूर वर्शिप सिंगर शेल्डन बंगेरा ने भी अपने गीतों से लोगों को खूब झुमाया और अपने जीवन की गवाही दी। उन्होंने युवाओं को यीशु को अपनाने व उनकी शिक्षाओं पर आधारित जीवन जीने का आह्वान किया। मुख्य रूप से इस शिविर में डीसीवाईएम के निदेशक रेव्ह पतरस हुनी पूर्ति, अन्थोनी खाखा, एंजेल दादेल, निकिता हिन्दवार, रेव्ह जोलजेस कुजूर, रेव्ह अनिल डहंगा, रेव्ह शमुएल नाग, रेव्ह शामुएल भुईंयां, रेव्ह एस डेविड, रेव्ह जॉन भेंगरा, रेव्ह विकास कुजूर व रेव्ह ग्लोरिया डहंगा समेत काफी संख्या में पुरोहित व युवा शामिल हुए।

# पलामू में दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म, गढ़वा में पुलिस-ग्रामीणों की झड़प

मेट्रो रेज



**रांचीः** गढ़वा जिले में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन जुलूस के मार्ग को लेकर रविवार को ग्रामीणों की पुलिस के साथ झड़प हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने कहा कि मदगड़ी गांव में विसर्जन मार्ग को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों ने अशांति फैलाने की कोशिश की। ग्रामीण मूर्ति विसर्जन के लिए एक खास रास्ते से जाना चाहते थे। जब पुलिस ने उन्हें रोका तो उन्होंने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को चोट लगी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में पर्याप्त बल तैनात किया गया है। इस संबंध में कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं।

पलामू में दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्मः पलामू जिले में दुर्गा पूजा मेले से घर लौटते समय दो नाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। उपमंडल पुलिस अधिकारी छतरपुर अवध यादव ने कहा कि यह घटना शुक्रवार को नौडीहा बाजार पुलिस थाने की सीमा में हुई, लेकिन यह रविवार शाम को सामने आई। उन्होंने बताया कि दलित परिवारों की दो लड़कियां शुक्रवार को सरायडीह में नौडीहा पूजा मेले से घर लौट रही थीं, तभी आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया और अपराध को अंजाम दिया। लौटने के बाद लड़कियों ने आपबीती अपने परिजनों को बताई। अगले दो दिनों तक मामले को पंचायत स्तर पर निपटाने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रविवार देर शाम शिकायत दर्ज की गई। फैक्टरी का बॉयलर फटा एक मजदूर की मौत, एक झुलसाः सरायकेला-खरसांवा जिले में फैक्टरी का बॉयलर फटने से एक मजदूर की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस ने बताया कि हादसा शनिवार को आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित ताला इंटरप्राइजेज कंपनी में हुआ। इससे पहले, कंपनी के परिसर में आग लग गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## चौथे नेशनल शारीरिक दिव्यांग क्रिकेट टी 20 में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम उदयपुर रवाना



मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची के पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और जेसीए के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट अजय नाथ शाहदेव ने झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम को विदा किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह और सचिव आफताब आलम मौजूद थे। अजय नाथ शाहदेव ने तमाम खिलाड़ियों से एक-एक करके परिचय प्राप्त किया और तमाम खिलाड़ियों को यह भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में जेसीए भी और स्टेट की तरह यहां भी दिव्यांगों को सपोर्ट करेगी। अजय सहदेव ने खिलाड़ियों से बातचीत की और उनसे बहुत सारी जानकारी ली। जानकारी हो की यह टूनार्मेंट 15 से 25 अक्टूबर को राजस्थान के उदयपुर में आयोजित होगा,जिसमें देश भर के 24 राज्य की टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 तारीख को उदयपुर में होगा और समापन 25 तारीख को होगा।। झारखंड टीम ग्रुप ए में है जिसमें झारखंड के अलावा दिल्ली महाराष्ट्र हिमाचल प्रदेश और हरियाणा और विदर्भ है। झारखंड टीम का पहला मैच 19 तारीख को दिल्ली के साथ है । 4वां राष्ट्रीय शारीरिक विकलांगता टी20 क्रिकेट दौरा,15 से 25 अक्टूबर 2024 - उदयपुर, राजस्थान मे होंगी।

झारखंड टीम सूची, मनीष कुमार (कप्तान), अमन कुमार,संदीप साहू,विकास यादव,अबु ताहिर अंसारी, भोला पासवान,बबन कुमार सिंह (उपकप्तान) धर्मेंद्र यादव,समशेर,कमलेश उरांव,मोहन नाथ महतो,आनंद कुमार,विशाल नायक,भोला बाउंरी, कोच मुकेश कुमार दुबे, टीम मैनेजर भास्कर तिवारी है ।

**ग्रुप ए** राजस्थान केरल, दिल्ली,महाराष्ट्र हिमाचल प्रदेश,झारखंड,ग्रुप सी हरियाणा ,मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश,गुजरात,मुंबई छत्तीसगढ

**ग्रुप बी कर्नाटक,हैदराबाद,आंध्र प्रदेश** पंजाब, जम्मू और कश्मीर,बड़ौदा

ग्रुप डी ओडिशा, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु,बिहार है यह जानकारी झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आफताब आलम ने दी।



### भूखों और जरुरतमंदों को भोजन कराने से बड़ा पुण्य कुछ नहीं

**रांचीः** संस्था की वरिष्ठ सदस्य विधा देवी अग्रवाल ने विजयदशमी पापांकुशा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य में मंदिर में श्री राज श्यामा जी को चंदन वंदन कर वहा उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं गुरु महाराज के शिष्यों को चंदन वंदन कर 171वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण प्रारंभ किया। उसके पश्चात 171 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 1300 श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया।

मंदिर परिसर मे आये हुए सभी धर्म प्रेमीजनो एव श्रद्धालुओ ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 171वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। 13 अक्टूबर को 171 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन पापांकुशा एकादशी व्रत एव दशहरे के सुअवसर पर अपने पुत्र राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल बिजय,नवल योगेश नितिन श्रेष्ठ एव अग्रवाल परिवार के सौजन्य से की गई। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी,बिजय अग्रवाल, पंकज पोद्दार,नवल अग्रवाल, रंजीत गाडोदिया,बिष्णु सोनी, विशाल जालान,मनीष सोनी, सुरेश कुमार अग्रवाल,ओम प्रकाश सरावगी, शिवभगवान अग्रवाल,संजय अग्रवाल,पवन पोद्दार,चन्द्रदिप साहु,महेश वर्मा,अशोक ठाकुर,परमेश्वर साहु महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,संतोष देवी अग्रवाल, पुनम अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत सदस्य उपस्थित थे।

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर रांची में जुटेंगे हजारों अभ्यर्थी

**रांचीः** जेएसएससी-सीजीएल के अभ्यर्थी अब आर-पार के मूड में हैं। 14 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में हजारों की संख्या में अभ्यर्थी जुटेंगे। वहां वे बापू वाटिका में छात्र अदालत लगाएंगे। बताते चलें कि जेएसएससी-सीजीएल के अभ्यर्थी दो अक्टूबर से बापू वाटिका के समीप अनश्चितकालीन सत्याग्रह चला रहे हैं। एक लाख अभ्यर्थियों के पहुंचने का दावाः छात्र नेता सफी इमाम ने मीडिया को बताया कि 14 अक्टूबर को राज्य के सभी जिलों से लगभग एक लाख अभ्यर्थी मोरहाबादी मैदान पहुंचेंगे। इसके बाद छात्र अदालत लगाई जाएगी। यहीं से परीक्षा को रद्द करने की रणनीति बनाई जाएगी। सफी इमाम ने कहा है कि इस बार निर्णायक लड़ाई है। सरकार को वार्ता के लिए बाध्य किया जाएगा। दो बार जेएसएससी कार्यालय के समीप आंदोलन हो चुका है। कोई परिणाम नहीं आया। मीडिया से बातचीत के दौरान डॉ कहकशां कमील, चंदन कुमार, अजय कुमार महतो, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## शस्त्र व शास्त्र की निपुणता वर्तमान परिवेश की आवश्यकताः सुनील सिंह



**रांचीः** शक्ति उपासना व भगवान श्री राम का विजयोत्सव पर्व विजयदशमी रिंग रोड, दलादली चौक, रातू, रांची में बड़े हीं धूमधाम से भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विजयादशमी के दिन दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित पूजा पंडाल में शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शस्त्र व शास्त्र की निपुणता वर्तमान परिवेश की आवश्यकता है। असत्य पर सत्य की,अनीति पर नीति की,अंधकार पर प्रकाश की, बुराई पर अच्छाई की विजय का यह पर्व श्री राम के पथ चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह पर्व शौर्य व पराक्रम का प्रतीक है। यह पर्व बताता है कि आसुरी शक्तियों का विनाश एक दिन अवश्य होता है। आज हीं के दिन आदिशक्ति मां दुर्गा ने महिषासुर का मर्दन और प्रभु श्री राम ने रावण का मर्दन करते हुए लंका पर विजय प्राप्त किया था। हम सभी सनातनियों को शस्त्र व शास्त्र दोनों विद्या में पारंगत होना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि शस्त्र शोक एवं भय के नाशक, शांति के पोशक एवं अस्तित्व की रक्षा के आवश्यक तत्व हैं। धर्म संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए क्षत्रिय समाज ने सदैव बलिदान दिया है। क्षत्रिय समाज ने अपने लहू से देश की मिट्टी को सींचा है। शस्त्र पूजन कार्यक्रम हमें मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने शस्त्र पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि मां आदिशक्ति द्वारा महिषासुर के वध के उपरांत देवताओं ने शस्त्रों का पूजन किया था, प्रभु श्री राम ने दशानन रावण से युद्ध से पहले शस्त्रों का पूजन किया था, महाभारत युद्ध से पूर्व श्री कृष्ण जी के आग्रह पर अर्जुन ने भी शस्त्र पूजन किया था, राजा विक्रमादित्य, वीर शिवाजी जैसे राजा महाराजाओं ने भी युद्ध से पहले शस्त्र पूजन किया करते थे। कहा कि वर्तमान परिवेश में हमें शस्त्र और शास्त्र दोनों विधाओं में पारंगत रहना हीं होगा। कहा कि श्री राम के जीवन से हमें प्रत्येक परिस्थिति में धैर्य और वीरता के साथ निर्णय लेने, बड़ों को सम्मान करने, परिवार को महत्व देने, और संबंधों के प्रति अगाध समर्पण की शिक्षा मिलती है। मयार्दा पुरुषोत्तम की जीवन लीला एवं शिक्षाएं सभी के लिए अनुकरणीय हैं। चाहे पिता के प्रति समर्पण हो, भाई के प्रति त्याग हो, जीवनसाथी के प्रति अनुराग हो, या मित्र के प्रति सहयोग का भाव हो। इस वर्ष दशहरे का पर्व का विशेष महत्व है, क्योंकि 500 से अधिक वर्ष की तपस्या, संघर्ष और प्रतीक्षा के उपरांत आराध्य प्रभु श्री राम अपने दिव्य, नव्य, और भव्य भवन में विराजमान हुए हैं। कार्यक्रम को वीएचपी के रांची ग्रामीण मंत्री लाल लोकनाथ सहदेव जी, रोबिन जी के साथ अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए शस्त्र पूजन का महत्व के बारे में अपना अपना विचार रखे। इस शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओझा ,सत्येंद्र शर्मा,अभिषेक मिश्रा, रामाशीष शर्मा, धर्मेंद्र उपाध्याय , केपी ओझा, बिरेंद्र सिंह, विवेक मिश्रा, रितेश सिंह के साथ अन्य सनातनी हिंदू राष्ट्र भक्त शामिल थे।

## अन्नपूर्णा देवी व नीरा यादव ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मेट्रो रेज




**कोडरमाः** गया से खुलकर कोडरमा के रास्ते मुंबई जाने वाली गया लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का रविवार से शुभारंभ हो गया है। कोडरमा स्टेशन पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ। नीरा यादव ने उक्त ट्रेंन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताते चलें कि यह ट्रेन 36 घंटे में गया से मुंबई तक का सफर तय करेगी। उत्तरी छोटानागपुर के लोगों को खास तौर पर इस ट्रेन की सौगात मिली है, जहां के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में रहते है। इस ट्रेन में स्लीपर कोच के जगह 14 जनरल बोगी है, जबकि एसी 3 और एसी 2 कोच भी इस ट्रेन में लगाए गए हैं। उद्घाटन परिचालन के मौके पर कोडरमा स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावे विधायक और धनबाद रेल मंडल के डीआरएम समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। यह ट्रेन हर रविवार को गया से खुलेगी जो कोडरमा होते हुए हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, रांची, राउरकेला होते हुए मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक जाएगी। कई राज्यों से होकर गुजरने वाली इस ट्रेन के परिचालन शुरू होने से कोडरमा समेत आसपास के लोग उत्साहित है। पहले दिन सफर करने वाले रेल यात्रियों को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुलाब फूल देकर उनका स्वागत किया। इस ट्रेन की शुरूआत होने से पहले कोडरमा से होकर मुंबई तक जाने के लिए महज दो ट्रेनों का परिचालन किया जाता था, जिसमें लंबी वेटिंग लिस्ट होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कोडरमा समेत आसपास के हजारों लोग मुंबई में रोजगार की तलाश में जाते हैं और त्योहार को के सीजन में मुंबई जाने वाली ट्रेनों में उम्मीद से ज्यादा भीड़ होती है। ऐसे में लोगों का ध्यान रखते हुए त्योहारी सीजन में इस ट्रेन की शुरूआत की गई है। इस मौके पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में रेल मंत्रालय ने यहाँ के लोगों को इस ट्रेन के रूप में खास सौगात दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान हमेशा लोग मुंबई के लिए ट्रेन डिमांड करते थे। वहीं लोगों ने भी इस ट्रेन को कोडरमा समेत आसपास के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण लाइफ लाइन बताया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, भाजपा नेता रमेश सिंह, गोपाल कुमार गुतुल, चंद्रशेखर जोशी, संजय शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मुंबई के झारखंड भवन का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे सीएम



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बनने वाले झारखंड भवन की आधारशिला रखेंगे। 14 अक्टूबर को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री मुंबई में निर्माण होने वाले झारखंड भवन का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इस तरह देश की राजधानी दिल्ली के बाद मुंबई में भी झारखंड का दूसरा झारखंड भवन होगा। झारखंड भवन मुंबई में सेक्टर 30 ए, वाशी, नवी मुंबई, महाराष्ट्र में बनेगा। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित इस शिलान्यास समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थिति रहेंगे।

### पुराने विधानसभा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**रांची:** झारखंड के पुराने विधानसभा परिसर में आग लग गई। जानकारी के अनुसार परिसर में वीआईपी गेस्ट हाउस में लगे जेनरेटर में आग लग गई। आग की लपटें दूर तक दिख रही थी। जिसके बाद विधासभा के कर्मियों ने पूरे परिसर की बिजली आपूर्ति को बंद किया। जिसके बाद आग पर काबू पाई गई। जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी।

### शॉट सर्किट से मोबाइल टावर में लगी आग, अफरा-तफरी

**रांची:** फिरायालाल चौक के समीप रविवार को रामकृष्ण अपार्टमेंट में लगे मोबाइल टावर में आग लग गई। जिससे अफरा-तफरी मच गई। वहां के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद अपार्टमेंट की बिजली काटी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहां पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया। अपार्टमेंट के समीप मौजूद लोगों ने बताया कि अचानक मोबाइल टावर से चिंगारी निकली और देखते ही देखते तेजी से आग फैलने लगा। वहीं मौजूद कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। सिर्फ मोबाइल टावर ही क्षतिग्रस्त हुआ है। शॉर्ट सर्किट की वजह से टावर में आग लगी थी। इसकी सूचना मोबाइल कंपनी को दे दी गई है।

### वरीय व्यवसायी व समाजसेवी संजय साहु का निधन



**रांची:** रांची मुख्यालय से करीब 65 किलोमीटर दूर सिल्ली- मुरी के पश्चिम बंगाल सिमाना ,तुलीन के वरीय व्यवसायी एवं समाजसेवी संजय साहु का पिछले दिनों कोलकाता में ह्रदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। यह समाचार तुलीन से वहा के चंद्रिका बस सर्विस के संचालक एवम समाजसेवि कृष्ण मुरारी साहु ने फोन पर दिया। उनका पार्थिव शरीर कोलकात्ता से सड़क मार्ग से सुबह 6 बजे गाड़ियों के काफिला में उनका घर तुलीन लाया गया और और तुलीन स्वर्णरिखा घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। दाहसंस्कार के समय मुक्ति घाट पर सर्व समाज के अनेक व्यवसायी एवं गण्य मान्य लोग मौजूद थे। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि संजय साहु का निधन इस क्षेत्र के सर्व समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

### जल नल योजना से संबंधित गड़बड़ियों को अभिलंब दुरुस्त करें विभाग: अनीता देवी

**लातेहार:** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार दीपक कुजूर एवं अधीक्षण अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पलामू राजमोहन सिंह से दूरभाष पर बात कर क्षेत्र में जल नल योजना से संबंधित आ रही शिकायतों से अवगत कराया। उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में दर्जनों ऐसे टोले हैं,जहां लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है । और विभाग को सूचना देने के बाद भी इस पर मौन है । किसके कारण गड़बड़ियों में विभाग की मिली भगत की बू आ रही है। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जल नल योजना का 5 साल तक मेंटेनेंस ठेकेदारों को करना था, लेकिन कोई भी ठेकेदार मेंटेनेंस नहीं कर रहा है ' ऐसी स्थिति में उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा अधीक्षण अभियंता से दूरभाष पर बात कर संबंधित ठेकेदारों पर नकेल कसने हेतु कहा कि उन्होंने यह भी बताया कि यदि विभाग इस पर त्वरित संज्ञान नहीं लेता है तो मामले को राज्य के वरीय पदाधिकारीयों को अवगत कराया जाएगा और यदि आवश्यकता पड़ी तो न्यायालय का भी सहारा लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि लातेहार जिले में जल नल से संबंधित सभी योजनाओं को पूर्ण दिखाकर रुपए की निकासी भी कर ली गई है, जबकि आधे से अधिक जलमीनर फेल है ' ऐसी स्थिति में यह एक बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रही है । ज्ञात हो कि आज अहले सुबह से ही पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग के बड़े पदाधिकारीयों के यहां केंद्रीय एजेंसियों की छापामारी चल रही है। पूरे राज्य में जल नल योजना का हाल किसी से छुपा नहीं है , लेकिन इसमें कोई भी बोलने को तैयार नहीं है । अनीता देवी के द्वारा शुरू से ही संबंधित मामले को हर एक मंच से जोर-शोर से उठाया जाता रहा है। उन्होंने पूर्व में ही मुख्य सचिव को लिखे पत्र में यह चेतावनी दी थी कि यदि समय रहते इस योजना की गड़बड़ियों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो आने वाले समय में क्षेत्र में सिर्फ जलमीनार के ढांचे खड़े मिलेंगे । पानी किसी को नहीं मिलेगा। आज बात सत्य होती प्रतीत हो रही है ।

### झारखंड में पहली बार मिला है एल्बिनो धामण सांप



**रांची:** जिले के कांके स्थित पूसू गांव से बीते शाम एक दुर्लभ प्रजाति के सांप एल्बिनो धामण को उमा कुमार एवं शुभम कुमार सर्प मित्र द्वारा रेस्क्यू किया गया। इस सांप की लंबाई 4 फीट है। यह धामण सांप है जिसे अंग्रेजी में रैट स्नेक भी बोलते हैं। यह दुर्लभ इसलिए है क्योंकि इसका पूरा शरीर सफेद आखें एवं जीभ लाल है। एलबिनो सांपों में अल्बीनिज्म एक अनुवांशिक गुण होता है । इनमें मेलनिन, प्राकृतिक रंग पिगमेंट की कमी होती है । जिसके कारण इनका यह रंग अन्य सांपों से अलग होता है। यह स्वभाव में शर्मीला और संवेदनशील होता है। पूरे भारत में इस प्रजाति यह सांप दूसरी बार मिला है।

# हड़ताल पर गए 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारी, परेशानी

**मेट्रो रेज**



**रांची :** झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा रविवार को पूरी तरह ठप रही। इससे राज्य में संचालित करीब 500 एंबुलेंस का परिचालन बंद हो गया है। एंबुलेंस सेवा ठप होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज अस्पताल पहुंचाने के लिए लगातार 108 नंबर पर संपर्क कर रहे हैं, लेकिन उनको कोई रिस्पांस नहीं मिल पा रहा है। कई बार फोन भी नहीं उठ रहा है।

एजेंसी के अधिकारी कर्मचारियों की मान-मनौव्वल में जुटेः हालांकि 108 की सेवा उपलब्ध करा रही एजेंसी इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के अधिकारी सेवा को बहाल करने और कर्मचारियों को मनाने में लगे हुए हैं, लेकिन उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। रविवार और पूजा के बाद का दिन होने की वजह से थोड़ी राहत रही, लेकिन सोमवार को इसका व्यापक असर पड़ने की संभावना है। क्योंकि चालकों ने एंबुलेंस को मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में खड़ा कर दिया है।

वेतन भुगतान नहीं होने से ठप की सेवाः बताते चलें कि 108 सेवा को वेतन का भुगतान नहीं होने सहित चार मांगों को लेकर ठप किया गया है। राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 108 एंबुलेंस सेवा के तहत एंबुलेंस की तैनाती की गयी है। पुरानी कंपनी मेसर्स जिकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड की जगह पर सिकंदराबाद की कंपनी इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज काम कर रही थी। इसी बीच इस एजेंसी को भी निविदा समाप्त होने पर नयी एजेंसी मेसर्स सम्मान फाउंडेशन को काम सौंपा गया है। ऐसे में कर्मचारियों को भय है कि मेसर्स जिकित्जा ने दो महीने का वेतन नहीं दिया है, वहीं इएमआरआइ ग्रीन एजेंसी के बदलने के बाद सितंबर माह का वेतन भी लंबित नहीं हो जाये।

1500 कर्मचारी एजेंसी से जुड़ेः राज्य में इस एजेंसी से करीब 1,500 कर्मचारी जुड़े हुए हैं। शनिवार को ही एजेंसी से जुड़े कर्मचारियों ने काम प्रभावित करना शुरू कर दिया था, लेकिन इसका असर रविवार से पड़ने लगा। वहीं इएमआरआइ ग्रीन का 40 करोड़ रुपये भी बकाया है। जिसके भुगतान के लिए स्वास्थ्य विभाग से लगातार पत्राचार चल रहा है, लेकिन वह भी लंबित है।

रांची में 36 एंबुलेंस का परिचालन पूरी तरह ठपः रांची में 108 सेवा के तहत कुल 36 एंबुलेंस का परिचालन किया जा रहा है। इसमें से अधिकांश एंबुलेंस पूरी तरह से बंद हैं। सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण इलाकों में हो रही है। आवश्यकता पड़ने पर जब मरीज या उनके परिजन फोन कर रहे हैं, तो उनको कोई उत्तर नहीं मिल रहा है। वहीं रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि 108 एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन भेजा गया है, लेकिन यह राज्यस्तरीय कार्य बहिष्कार किया गया है। वैसे कर्मचारियों के काम पर लौटने का आग्रह किया जा रहा है।

निजी वाहन का सहारा लेकर पहुंचा मरीजः प्रसव पीड़ा से परेशान एक महिला के परिजनों ने जब 108 पर फोन किया, तो उनको पहली बार किसी फोन का उत्तर नहीं मिला। महिला को जब सांस लेने में दिक्कत शुरू हो गयी, तो परिजन लगातार फोन करने लगे। इसके बाद किसी तरह फोन उठा कर काम ठप होने की जानकारी दी गयी। इसके बाद परिजन निजी वाहन का सहारा लेकर अस्पताल पहुंचे।

क्या कहते हैं स्वास्थ्य सचिवः राज्य के स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार ने कहा कि राज्य के सभी सिविल सर्जन को वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। सोमवार को इस संबंध में बैठक कर आगे की रणनीति बनायी जायेगी।

# अश्रुपूर्ण नेत्रों से मां को दी गयी अंतिम विदाई

**मेट्रो रेज**



**रांची:** राजधानी रविवार को मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा की सतरंगी छटा से गुलजार रही। दोपहर बाद से ही पूजा पंडालों में ढोल-ढाक और तासा बजने लगे। महिलाओं ने मां का खोइंछा भरा, सिंदूर खेला। इसके बाद बड़े-छोटे वाहनों पर मां सहित सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को विराजमान किया गया। शाम चार बजे के बाद एक-एक पंडालों से गाजे-बाजे के साथ यात्रा निकली, तो वातावरण में मनोहारी छटा छा गयी। भक्ति रंग से शहर का कोना-कोना दमक उठा। कांधे चुनड़ी, माथे साफा पहने विविध पूजा समितियों के पदाधिकारी और सदस्य अगुवाई करते हुए तन कर बढ़े तो पीछे से वाहनों पर आभा बिखेरती प्रतिमाओं का कारवां भी सरकने लगा। ढोल-तासा के साथ भक्ति गीता पर नाचते-झूमते श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

**मां के जयकारों से गूंज उठा वातावरण:** अल्बर्ट एक्का चौक पर शाम साढ़े चार बजे सबसे पहले बिहार क्लब की शोभायात्रा गुजरती। इसके बाद चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति मेन रोड की भव्य शोभायात्रा रंग-जमाते बढ़ी। पीछे से आरआर स्पोर्टिंग क्लब, यूथ क्लब महावीर चौक, त्रिकोण हवन कुंड सुभाष चौक, श्रीदुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब, भारतीय युवक संघ बकरी बाजार सहित कई पूजा समितियों की शोभायात्रा की लंबी कतार लग गयी। मां के जयकारों और वाद्ययंत्रों की मधुर स्वरलहरियों से वातावरण गूंज उठा। सत्य अमर लोक हरमू रोड, शक्तिस्त्रोत संघ गाड़ी खाना, प्रगति प्रतीक क्लब, किशोरगंज सहित कई पूजा समितियों की शोभायात्रा देर शाम तक बड़ा तालाब पहुंची। बरियातू, कांके रोड, बूटी मोड़, कांटाटोली, चुटिया, अरगोड़ा, नामकुम, टाटीसिल्वे, डोरंडा, धुर्वा आदि इलाकों में विराजमान मां की प्रतिमा का विसर्जन भी शोभायात्रा के रूप में शहर के विभिन्न जलाशयों में किया गया।

**आशीष मांगने को ठिठके राहगीरों के पांव:** विसर्जन यात्रा जिधर से गुजरती सड़क के दोनों किनारे राहगीर ठिठक जाते। हाथ जोड़ मां का दर्शन कर आशीष मांगते। मां की विदाई का मनोरम दृश्य देखने में खो से जाते। गली-कूचों से लेकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों तक देर शाम तक कुछ ऐसा ही नजारा रहा। भक्ति की बानगी ऐसी कि सड़क जाम के बाद भी लोग ने जल्दी न करते हुए आराम से मां की मनोहारी छटा को अपलक निहारते रहे। विसर्जन शोभायात्रा के यादगार लम्हों को सहेजने, सोशल मीडिया में साझा करने को श्रद्धालु बेताब रहे। फोटो लेने और वीडियो बनाने की होड़ सी लगी रही। युवाओं के लिए तो इसका अलग ही क्रेज रहा।

**मातृशक्तियों ने किया भक्ति और शौर्य का प्रदर्शन:** यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओ ने भी भागीदारी निभायी। रास्ते भर भक्ति गीतों पर जमकर नाची-झूमी। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की शोभायात्रा में मातृशक्तियों ने तलवार लेकर हिस्सा लिया। घोड़े और बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार हो भक्ति के साथ शौर्य का भी प्रदर्शन किया।यात्रा में शमिल युवाओं का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रहा था। कहीं ढोल-ताशे की थाप पर तो कहीं डीजे पर बज रहे भजनों पर नौजवान दिन-दुनिया से बेखबर हो रास्ते भर जमकर नाचे-झूमते रहे। जलाशयों पर मां दुर्गा सहित सभी देवी-देवताओ की नेम-निष्ठा से आरती उतारी गयी। पूजा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पूजन-आरती के बाद एक-एक कर प्रतिमाओं को जल में उतारा गया।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः** पूजा समितियों की शोभायात्रा के साथ पुलिस के जवान साथ-साथ चल रहे थे। यातायात व्यवस्था संभालने के साथ किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मुस्तैद थे। चाक-चौबंद व्यवस्था में प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। चंद्रशेखर आजाद की यात्रा में रथ पर विराजमान जीवंत झांकी ने सब का मन मोहा। कलाकारों ने श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी संग हनुमान जी का रूप धर श्रीराम दरबार की आभा बिखेरते रहे। किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से जलाशयो में तैराक और बोट की समुचित व्यवस्था की गयी थी। साथ ही गहरे पानी पर लाल फीता बांध, खतरे का निशान इंगित किया गया था, ताकि लोग तय सीमा से बाहर न जाएं। बड़ा तालाब में एसडीएम सहित आला अधिकारी भी मौजूद थे। पुलिस के जवान भी सुरक्षा में तैनात किए गए थे। मोटरसाइकिल से भी गश्त की जा रही थी।

**युवा दस्ता ने लगाया स्वागत शिविर:** अल्बर्ट एक्का चौक, बड़ा तालाब सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर लगा विसर्जन शोभायात्रा में शामिल पूजा समिति के पदाधिकारियों, सदस्यो और श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। बड़ा तालाब में युवा दस्ता की ओर से लगाए गए शिविर में राजीव रंजन मिश्रा, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय सहित बड़ी संख्या में दस्ता पदाधिकारी और युवा मौजूद थे।




### राज्य में विधानसभा चुनाव का ऐलान जल्द, बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**रांची :** दुर्गा पूजा समाप्त हो गया है। अब कभी भी झारखंड में चुनाव की घोषणा हो सकती है। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के साथ ही झारखंड में चुनाव कराने के संकेत दिये हैं। सूत्रों के मुताबिक आयोग कभी भी दोनों राज्यों में चुनाव की घोषणा कर सकता है। आयोग ने राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से प्रेस कांफ्रेंस के लिए झारखंड से संबंधित आंकड़े प्राप्त कर लिये हैं। रविवार को भी छुट्टी के बावजूद चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय द्वारा आंकड़े प्रेषित किये गये।

दो से तीन चरण में हो सकता है चुनावः सूत्र बताते हैं कि झारखंड में दो से तीन चरण में चुनाव कराया जा सकता है। आयोग चुनाव की तिथियों का निर्धारण त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कर रहा है। 31 अक्तूबर को दीपावली दो नवंबर को गोवर्धन पूजा, तीन नवंबर को भाई दूज और सात व आठ नवंबर को छठ महापर्व है, जबकि 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस और गुरुनानक जयंती दोनों हैं। आयोग उक्त सभी तिथियों के मद्देनजर चुनाव की तिथियां निर्धारित कर रहा है।

**राज्य सरकार भी रेसः** चुनाव आयोग द्वारा झारखंड में चुनाव की घोषणा कभी भी करने के संकेत राज्य सरकार को भी है। चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आचार संहिता लागू हो जायेगी। उसके बाद राज्य सरकार कोई भी नयी योजना शुरू नहीं कर सकेगी। ऐसे में राज्य सरकार भी रेस हो गयी है। आमतौर पर शाम में होने वाली राज्य सरकार के कैबिनेट की बैठक सोमवार को दिन के 12 बजे से ही बुलायी गयी है। जिसमें योजनाओं के लिए राशि स्वीकृत करने से लेकर महत्वपूर्ण नीतियों पर भी फैसला लिया जा सकता है। कैबिनेट के पूर्व मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट भवन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अनुबंध पर रखे गये 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे।

### ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष फिलिप क्रिस्टी का निधन



**रांची:** ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष फिलिप क्रिस्टी का निधन हो गया। पूरा ईसाई समुदाय इस खबर से स्तब्ध और मर्माहत है। प्रदेश महासचिव प्रवीण कच्छप ने बताया कि पिछले दिनों उनकी दिल्ली के एक अस्पताल में 1 अक्टूबर को ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। दो दिन पहले चेस्ट में कुछ इंफेक्शन और डायरिया हो गया था। उनका रक्तचाप भी कम हो गया था इसलिए उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। वे सामाजिक लड़ाई में हमेशा आगे रहे। ईसाईयों के सामाजिक और राजनीतिक लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। उनके योगदान को समाज कभी भुला नहीं पायेगा। शोक व्यक्त करने वालों में ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत तिर्की, प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार नागवंशी, विधिक सलाहकार दिप्ती होरो, अरुण हांसदा, अजय ओड़िया, न्यूमेन पौल, चार्ल्स मिंज, पास्टर राजु राव, पास्टर केशव नायक, पास्टर नकुल बड़ाइक, पास्टर विजय साहू, पास्टर महेश्वर गरुड़, पोस्टर प्रभु कौशल, राजेश बहेरा, सुरसेन जोजो, सुभाष डूंगरी, विल्सन बहेरा, जेम्स के कंडुलना व अन्य शालि रहे।

# न्यू लायंस क्लब धूमधाम से करेगा छठ पूजा का आयोजन

## पुरानी कमेटी भंग नई कमेटी का हुआ गठन



**रांची:** न्यू लायंस क्लब व न्यू मधुकम छठ पूजा समिति के तत्वावधान में आगामी छठ महापर्व की तैयारी को लेकर आज एक महत्वपूर्ण पहली आम बैठक न्यू लायंस क्लब चौक मे अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बुलाई गई। इस बैठक मे सूर्य उपासना एवं लोकआस्था का महापर्व छठ न्यू लायंस क्लब के तत्वावधान में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विदित हो यह संगठन लगातार 1984 से छठ पूजा एवं व्रत धरियों की सेवा करते आ रहा है।

आज की इस महत्वपूर्ण बैठक मे इस क्षेत्र की जनता एवं क्लब के सभी सदस्यों ने 41वें वर्ष भी सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में अनिल कुमार गुप्ता को चुना और उनको सेवा देने का जिम्मेवारी सौपा। अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने नई टीम एवं इस वर्ष होने वाले क्रियाकलापों की घोषणा किये और पिछले वर्ष के आय - व्यय को सभी के सामने प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा इस वर्ष भी लाखों की खर्च के साथ कुम्हार टोली चुन्ना भट्ठा से मधुकम तालाब के चारो तरफ लगभग 2 किलोमीटर भव्य एवं आकर्षक विद्युत सज्जा कि जाएगी।

**जो इस प्रकार है:–**

विधुत सज्जा और सूर्य देव का मूर्ति का अवलोकन, विद्युत पैनल के साथ विद्युत गेट,मेटल लाइट 200 पीस,जनरेटर साइलेंट और पार लाइट तालाब के चारो तरफ विद्युत सज्जा और रोड के दोनों तरफ राइस लाइट से पूरे क्षेत्र को रौशन किया जाएगा,छठ व्रत धारियों के लिये क्लब के सभी सदस्य पूरी चौकन्ना के साथ उनके सहयोग में लगे रहेगे ताकि कोई परेशानी न हो साथ ही व्रतधरियो के व्यवस्था में नारियल,फूल- माला,दूध,आम पत्ता,अगरबत्ती एवं अन्य फलों और छठी मईया जी की चुनरी ओढाने के साथ व्रत धरियो को स्वागत किया जाएगा आदि।

**नई टीम इस प्रकार है:–**

**संरक्षक:-** सुनील गुप्ता (पूर्व पार्षद), आशा देवी (पूर्व पार्षद)

1.**संस्थापक अध्यक्ष:-** अनिल कुमार गुप्ता,

2.**कार्यकारी अध्यक्ष :-** दीपक चौधरी,संजय साव,संतोष गुप्ता,

3.**उपाध्यक्ष:-** विनोद राजन, राहुल गुप्ता,सतेंदर वर्मा,विक्रान्त विश्वकर्मा ,

4.**मीडिया प्रभारी:-** शिव किशोर शर्मा एवं ऋषभ गुप्ता,

5.**सचिव:-** ओम प्रकाश शर्मा,, राकेश जयसवाल,राजू साव, गुड्डू श्रीवास्तव,विनोद साव, मनीष सिंह,सुरेश गोप,

6.**मंत्री:-** दिगम्बर निषाद, दिलीप वर्णवाल,समीर शर्मा,सोनू श्रीवास्तव, धनंजय साव,राहुल साव,श्रीकांत , गोलू साव,अजय यादव,

7.**संगठन मंत्री:-** बबलू साव, विक्की मिश्रा,मंटू शर्मा,गौरव वर्मा,सुरेश साव,नीरज चौधरी,विजय कुड्ड गुप्ता,भूपेंदर तिवारी,श्रीकांत सिंह,राजू राय, मधुकर सिंह,सूरज साव,

8.**प्रचार मंत्री:-** रवि तिवारी, सूरज साव,रॉनित कुमार,शेखर जायसवाल,दीपक लहरी,मोनू कुमार,गणेश सोनी,प्रियांशू शर्मा, सतीश जायसवाल,जितेंदर कुमार,

9.**कोषाध्यक्ष:-** धनंनजय सोनी, सुनील कु गुप्ता,

10.सदस्यगण राहुल,सोनी साव,विजय,गुड्डू, दीपक, दिलीप, मनीष, विक्की व अन्य संस्थापक अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने अपने दो शब्द में मुख्य बाते रखते हुए अपने क्षेत्र की जनता से 41वां वर्ष भी सहयोग मांगा और बीते लगातार 40 वर्षो से सहयोग के लिए आभार और धन्यवाद जाहिर किये। मीडिया प्रभारी ऋषभ गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लगातार 41 वें वर्ष भी निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर अनिल गुप्ता जी को एवम् नई कमिटी उपस्थित लोगों ने बधाई दि साथ ही साथ आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए आग्रह किया।

## सुविचार

**इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।**

## युद्ध के जोखिम

**हमास** के लड़ाकों की ओर से इस्राइल पर किए गए आतंकवादी हमले की पहली बरसी की पूर्वसंध्या पर जहां इस्राइली फौज गाजा और बेरूत पर बम बरसा रही थी, वहीं कुछ घंटे बाद हिज्बुल्लाह के रॉकेट और मिसाइल हमलों ने बहुचर्चित एयर डिफेंस सिस्टम ह्यआयरन डोमह्न को भेदते हुए तीन इस्राइली सैनिक अड्डों को निशाना बना लिया। यह तस्वीर बताती है कि हमलों और जवाबी हमलों के एक साल लंबे सिलसिले के बाद भी शांति की कोई सूरत नहीं दिख रही। इसके उलट संघर्ष और बढ़ने के आसार बनते नजर आ रहे हैं। गाजा में हमास को बर्बाद करने की इस्राइली मुहिम उस मोर्चे पर काफी हद तक कामयाबी पा लेने के बाद पहले हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों की ओर मुड़ी और अब ईरान को अपने निशाने पर लेने को उतावली दिख रही है। निश्चित रूप से ईरान के इन प्रॉक्सी संगठनों ने उसे उकसाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। लेकिन हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने के बाद इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले ने जो स्थिति पैदा की है, उसके नतीजों का अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। कई जानकारों का मानना है कि इन हमलों ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू को ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का बहाना दे दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि अमेरिका ऐसे हमलों के पक्ष में नहीं है, फिर भी इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नेतन्याहू और उनके रणनीतिकार एक ही बार में ईरान नाम के इस दुश्मन को लंबे समय तक के लिए ठंडा कर देने का फैसला कर लें। ऐसा हुआ तो उसके नतीजे भयावह हो सकते हैं क्योंकि यह मकसद ऐसा है नहीं, जो एक हमले में हासिल हो जाए। ऐसा कोई भी हमला ईरान को नुकसान चाहे जितना पहुंचा दे, पर उसके सभी भूमिगत परमाणु ठिकानों को नष्ट कर देगा, ऐसा नहीं माना जा सकता। दूसरी बात यह कि इस तरह के हमले के बाद वहां प्रतिक्रियावादियों का प्रभाव और ज्यादा बढ़ जाएगा। कोई भी लंबा युद्ध तेल कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ ऐसे कई साइडइफेक्ट्स लाएगा जिससे पूरी दुनिया त्रस्त होगी। एक साल लंबे इस संघर्ष ने खुद इस्राइल को भी कम नुकसान नहीं पहुंचाया है। जनहानि को फिलहाल एक तरफ कर दें तो भी जीडीपी ग्रोथ नीचे ही जा रही है, हाल ही में दो रेटिंग एजेंसियों झ्र मूडी और स्टैंडर्ड एंड पुअर्स झ्र ने उसकी क्रेडिट रेटिंग कम कर दी है। यह भी नहीं माना जा सकता कि वह पहले के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित है। इस्राइल और इस्राइलियों की असली सुरक्षा मिसाइल हमलों की आशंका दूर करने में नहीं, गुरिल्ला लड़ाकों का खतरा टालने में है, जिसके सूत्र फलस्तीनियों के साथ बेहतर और मानवीय व्यवहार में हैं। लेकिन यह बात इस्राइली नेतृत्व को बताए कौन?

## ओबीसी वोटों पर निशाना

**महाराष्ट्र** की महायुति सरकार ने जिस तरह से ओबीसी आरक्षण के लिए निर्धारित नॉन क्रीमी लेयर सीमा को लगभग दोगुना करवाने का संकेत दिया, उससे दो बातें बिल्कुल साफ हो गई हैं। एक तो यह कि सत्तारूढ़ एनडीए खेमा हरियाणा में मिली अप्रत्याशित जीत से बने उत्साहपूर्ण माहौल में एक पल भी गंवाए बगैर अपना पूरा ध्यान महाराष्ट्र चुनाव पर लगा चुका है। दूसरी बात यह कि हरियाणा के अनुभव की रोशनी में उसने यहां सबसे बड़ा दांव ओबीसी समुदाय के वोटरों पर लगाने का फैसला किया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ऐन पहले की गई इस घोषणा का हरियाणा में बीजेपी को मिली जीत से ही नहीं, वहां अपनाई गई रणनीति से भी सीधा संबंध है। चुनाव से पहले के हालात हरियाणा में भी बीजेपी के अनुकूल नहीं थे। वहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसी साल जून महीने में ओबीसी समुदायों से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान नॉन-क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने का वादा किया। कई एक्सपर्ट मानते हैं कि इस वादे ने अंदर ही अंदर इस समुदाय के वोटरों पर निर्णायक प्रभाव डाला। महाराष्ट्र की राजनीति के संदर्भ में देखें तो यह फैसला और ज्यादा अहमियत रखता है। यहां मराठा आरक्षण की मांग पिछले कुछ समय से खासी चर्चित रही है। लोकसभा चुनावों से पहले राज्य सरकार ने मराठा समुदाय को डइउ कोटे के अंदर से ही रिजर्वेशन देने की घोषणा की थी। माना जाता है कि महायुति को इसका खामियाजा ओबीसी वोटरों की नाराजगी के रूप में भुगतना पड़ा। इस लिहाज से महायुति सरकार के ताजा फैसले को लोकसभा चुनावों की गलती को दुरुस्त करने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। यह मांग कुछ कोनों से उठाई भी जा रही थी। आठ लाख की मौजूदा सीमा के कारण ओबीसी परिवारों का एक बड़ा हिस्सा जो इस सीमा से थोड़ा ही ऊपर था, वंचित महसूस कर रहा था। आर्थिक तौर पर सशक्त न होने के बावजूद वह आरक्षण का फायदा नहीं उठा पा रहा था। अगर यह सीमा 15 लाख रुपये सालाना कर दी जाती है, और जैसा कि राज्य सरकार के स्तर पर संकेत दिया जा रहा है, संभवतः जल्दी ही कर भी दी जाएगी, तो ऐसे तमाम परिवार इससे प्रभावित होंगे। एनडीए को उम्मीद है कि इससे न सिर्फ उसे वोटों का फायदा होगा बल्कि अपने अनुकूल माहौल बनाने में भी सहायता मिलेगी। बहरहाल, चुनावी नफा-नुकसान से थोड़ा अलग हटकर देखें तो तय है कि इस तरह के दाव-पेच न तो अच्छे नीतिगत फैसलों को जन्म देते हैं और न ही आम लोगों के दीर्घकालिक हितों को पूरा कर सकते हैं। फिर भी अगर ये चुनाव-दर-चुनाव चलते चले आ रहे हैं तो इससे राजनीति की क्वॉलिटी ही नहीं वोटरों की प्रायॉरिटी भी रेखांकित होती है।

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा

**आर.के. सिन्हा**

> रतन टाटा ने वक्त रहते टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े कइसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमैन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले।

रतन टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदम पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर रहना पसंद करते थे और एक शमीर्ले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे।

रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन-पोषण किया।

बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ।

दरअसल, रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे।

रतन टाटा ने वक्त रहते टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े कइसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमैन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमैन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं।

एक बात समझनी होगी कि किसी कंपनी या उद्योग समूह की सफलता का माप केवल उसके वित्तीय प्रदर्शन से नहीं होता है। कंपनी का चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंधन को ग्राहकों, कर्मचारियों, या समाज के साथ ईमानदारी बरतनी चाहिए। रतन टाटा की सरपरस्ती में टाटा समूह ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। रतन टाटा के लिए अपने ग्राहकों को संतुष्ट करना पहली प्राथमिकता रही। उनके चलते उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उच्च मानक रखे गए। वह अपने ग्राहकों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाने में यकीन करते थे। वह ग्राहकों को सुनते और उनकी जरूरतों को समझते थे।

रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में ₹समाज सेवा₹ है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

जमशेदजी को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है। तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगे और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा जो ह्लमाई डियर जेआरडीह्ल के नाम से प्रसिद्ध है। स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि ह्लआप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हैं। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढ़ाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास है कि तुम ऐसा ही करोगे।ह्व स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल विज्ञान का एक बढ़िया संस्थान शुरू कर दिया जो आज ह्लइण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंसह्ल के नाम से विश्वविख्यात है और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं।

अब नोएल टाटा को टाटा समूह के धर्मार्थ कार्यों पर फोकस करना होगा। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास, आपदा राहत और कला-संस्कृति जैसे क्षेत्रों में काम करना होगा। टाटा समूह समाज सेवा में एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता रखता है। वह कई दशकों से इन कार्यों में लगातार जुड़ा हुआ है और यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहनी चाहिए। सारे देश को पता है कि टाटा समूह समाज सेवा के माध्यम से सतत विकास में विश्वास रखता है। इसके कार्य न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगे। टाटा समूह के धर्मार्थ कार्य देश के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं। अब देश को नोएल टाटा से यह आशा है कि वह अपने समाज सेवा से जुड़े कार्यों को जारी रखेगा।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# हरियाणा में जीती बाजी हार गई कांग्रेस

**एस हिन्दुस्थानी**

> हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था।

अभी हाल ही में देश के दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के बाद तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। जहां हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता प्राप्त की है, वहीं अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा को खास सफलता नहीं मिली। जम्मू-कश्मीर में भाजपा को इस बार कुछ अच्छा होने की उम्मीद थी, लेकिन वहां अनुच्छेद 370 की प्रबल समर्थक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है। इसका आशय यही निकलता है कि जम्मू -कश्मीर के घाटी वाले हिस्से में मिलाजुला जनादेश मिला है। वहीं, हरियाणा की बात की जाए तो इस प्रदेश में कांग्रेस की असफलता का एक बड़ा कारण गठबंधन नहीं होना ही माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस को यह गुमान हो गया था कि वह अपने दम पर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेगी लेकिन कांग्रेस को एक बार फिर निराश होना पड़ा। कांग्रेस की इस पराजय ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। यह सच है कि अगर हरियाणा में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों में समन्वय हो जाता तो शायद परिणाम भिन्न हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों की अनसुनी करके अपनी पराजय का मार्ग तैयार कर लिया। अब कांग्रेस इस हार को प्रादेशिक नेतृत्व के सिर मढ़कर केंद्रीय नेतृत्व को बचाने की जुगत में लग गई है। जबकि पूरे चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व की अप्रत्यक्ष कमान संभाल रहे राहुल गांधी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित थी। यहां तक कि कांग्रेस ने जीत के जुलूस की भी व्यापक तैयारी की थी।

हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को जमीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी। कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की लड़ाई में दुश्मन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो दिखते तो बिल्कुल दोस्त जैसे हैं, लेकिन जहां अवसर मिलता है, वे सामने वाले के पैर खींचने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के बीच इसी प्रकार की दुश्मनी दिखाई दी। प्रदेश की प्रमुख महिला नेता शैलजा तो जैसे कोपभवन में ही बैठ गई थीं। वे जब सक्रिय हुई तब तक कांग्रेस बहुत प्रचार अभियान में बहुत पीछे जा चुकी थी। हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के विरोध में किसान और पहलवान एक प्रकार से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए देशभर के आंदोलनों के सूत्रधार बने हुए थे। कांग्रेस चाहती तो इस वातावरण का राजनीतिक लाभ प्राप्त कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस के नेता स्थिति का अध्ययन इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि वे इस बात के लिए पूरी तरह आश्वस्त हो चुके थे कि कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। बस कांग्रेस यहीं बड़ी चूक कर गई और हरियाणा में कांग्रेस के सपने एक बार फिर चकनाचूर होते चले गए। ऐसे अब कांग्रेस को सिरे से चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता है। हालांकि देश में 2014 के बाद विभिन्न प्रकार के 47 चुनाव हुए, जिसमें से 36 चुनावों में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा। हर पराजय के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन करने की बात की जाती है लेकिन इस चिंतन में शीर्ष नेतृत्व पर उंगली उठाने का साहस किसी में नहीं होता। अंततः वही होता है, जैसा राहुल गांधी चाहते हैं। वर्तमान में भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन उनकी भूमिका कितनी निर्णायक होती है, यह सभी जानते हैं।हरियाणा में भाजपा की पुनः सरकार बनने का रास्त साफ है, लेकिन कई मायनों में इसे भाजपा की सफलता नहीं माना जा सकता। चुनाव से पूर्व के राजनीतिक हालात भाजपा के पक्ष में कभी भी दिखाई नहीं दिए और न ही भाजपा सरकार के कामकाज से जनता प्रसन्न ही थी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सत्ता के सिंहासन से उतार कर भाजपा ने यह संकेत तो कर ही दिया था कि भाजपा के पक्ष में सब कुछ ठीक नहीं था। भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल कर इस माहौल को परिवर्तित करने का प्रयास किया। भाजपा का यह कदम उसके लिए संजीवनी का काम कर गया। वहीं, कांग्रेस की कमजोरी यह भी रही कि वह राजनीतिक वातावरण का अध्ययन करने में चूक गई। हरियाणा में कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व गुटों में विभाजित है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा स्वयं को कांग्रेस का सर्वेसर्वा मानकर राजनीति करते रहे। यही कांग्रेस के आत्मघाती साबित हुआ। अब कांग्रेस के नेताओं को यह सिखाने की आवश्यकता है कि बदले हुए राजनीतिक हालात में राजनीति कैसे की जाती है, क्योंकि अब राजनीतिक परिदृश्य बदल चुका है। देश के कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ आना नहीं चाहते। राजनीतिक मजबूरी उनको साथ बनाए हुए है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ध्यान से समाधि की ओर तभी चलेंगे, जब द्वंद्वमुक्त होंगे

**धर्म-अध्यात्म**

योगसूत्र में कहा गया है कि चित्तवृतियों अथवा मन पर नियंत्रण ही योग है। योग के आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। चिकित्सा-पद्धति के रूप में या फिर शरीर और मन के रूपांतरण के लिए योग के इन सभी आठों अंगों का अभ्यास करना अनिवार्य है। योग में शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के अभ्यास सम्मिलित होते हैं। सवाल है कि शारीरिक अभ्यास क्रम महत्वपूर्ण है या मानसिक अभ्यास क्रम?

हमारा शरीर और व्यक्तित्व वास्तव में हमारी भाव प्रक्रिया से ही बनता है। जैसा हम लगातार चिंतन करते हैं, जो कुछ भी हम सोचते रहते हैं, हम वैसे ही हो जाते हैं। इसलिए हमारी विचार प्रक्रिया का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य या फिर रोग पर भी पड़ता है। यही विचार प्रक्रिया रोग के उपचार में भी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां मन महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसा या जो भी हम चाहते हैं वह मन-मस्तिष्क की एक खास अवस्था (अल्फा) में ही पूरा होता है। अब प्रश्न उठता है कि अगर सारा खेल मन का ही है तो फिर आसन और प्राणायाम की हमें जरूरत ही क्या है? वास्तव में भौतिक शरीर की जड़ता को खत्म करके उसे मन से जोड़ने और उसके बाद मन को अपेक्षित दशा अर्थात अल्फा अवस्था में ले जाने के लिए योगासन और प्राणायाम का अभ्यास अनिवार्य है।

जब हम योग-साधना करते हैं तो कोई न कोई भाव तो हमारे मन में व्याप्त होता ही है। मन के कई स्तर हैं। चेतन या जाग्रत अवस्था में भी भाव तो होता है लेकिन वह वास्तविकता में नहीं बदलता, क्योंकि एकाग्रता और ध्यान के बिना यह असंभव है। एकाग्रता और ध्यान से हम अपेक्षित अल्फा लेवल में पहुंच जाते हैं या यूं कहें कि अल्फा लेवल में पहुंच कर ही हम एकाग्रता और ध्यान की अवस्था में पहुंच सकते है। अल्फा लेवल कहिए या ध्यान की अवस्था, इसी में मन हमारे भावों को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ है और मन अपेक्षाकृत कम चंचल है तो शरीर को सही आसन में रखकर दो-चार गहरी सांस लेने पर ही हम अल्फा अवस्था में पहुंच जाएंगे और फिर इस अवस्था में पहुंचकर हम जैसा भी विचार करेंगे, जो भी सोचना शुरू करेंगे, वही भौतिक जगत में वास्तविकता ग्रहण करने लगेगा। लेकिन अगर हम यह सब ध्यानावस्था के बगैर दोहरा रहे हैं कि मैं स्वस्थ अथवा रोगमुक्त हूं तो उस अवस्था में हमारे विचार, संकल्प या फिर स्वीकारोक्ति के विरोधी विचार भी उठने लगते हैं। ध्यान या एकाग्रता की अवस्था में ही किसी मनचाहे विचार को अक्षुण्ण रखा जा सकता है। द्वंद्व से भी यहीं आकर मुक्ति संभव है। द्वंद्वातीत अवस्था ही उपचार की आदर्श अवस्था है और द्वंद्वातीत अवस्था के लिए मन की गहराई में उतरना या अल्फा लेवल में पहुंचना अनिवार्य है। यही वह अवस्था है जहां हम रोग को निर्मूल कर सकते हैं या रोग की पीड़ा से मुक्त हो सकते हैं। सुख-दुख, लाभ-हानि, आय-व्यय, राग-द्वेष, मान-अपमान से ऊपर उठकर हमारा मन समता में स्थित हो, यह इसी अवस्था में संभव है। यहीं ध्यान से समाधि की ओर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी में योग की पूर्णता है।

## पत्र

### बांग्लादेश सरकार हालत पर काबू पाए

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले और मंदिर से चोरी की खबरों ने एक बार फिर वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के मसले को केंद्र में ला दिया है। भारत ने ठीक ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्ते का एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। पिछले अगस्त महीने में छात्र आंदोलन के बेकाबू होने और फिर सत्ता परिवर्तन का कारण बनने के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की घटनाएं हुईं। तब नई सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने हालांकि इन हमलों को रोके जाने का आह्वान किया, लेकिन यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इन घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उनका यही रुख अब तक बना हुआ है। दुगार्पूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा देने वाली है। जेशोरेश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुगार्पूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। पूरे देश में इस तरह की 35 अप्रिय घटनाएं दर्ज हुई हैं। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता।

**मनोहर, घाटशिला**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email :** metrorays.ranchi@gmail.com

# नम आंखों से भक्तों ने दी मां दुर्गा को विदाई

## ढोल नगाड़ों व आकर्षक झांकी के साथ निकला विसर्जन जुलूस



मेट्रो रेज

**जमशेदपुर ।** विजया दशमी के मौके पर विशाल जुलूस निकालकर मां दुर्गा को विदाई दी गई। इस मौके पर भक्तों की गहरी आस्था देखने को मिली। प्रवीण सेवा संस्थान के विसर्जन जुलूस में आकर्षक झांकी घोड़े के रथ के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। आदित्यपुर कॉलोनी निवासी एवं प्रवीण सेवा संस्थान के सदस्यों ने पंडाल से मां दुर्गा की प्रतिमा को जय प्रकाश उद्यान के घाट पर विसर्जित कराया। ढोल नगाड़ों के बीच जुलूस निकाला गया। प्रतिमा विसर्जन में स्थानीय महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

जुलूस का नेतृत्व पूर्व विधायक सह प्रवीण सेवा संस्थान के मुख्य संरक्षक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह कर रहे थे। आदित्यपुर कॉलोनी से होकर विसर्जन जुलूस जय प्रकाश उद्यान खरकई नदी तट पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना और आरती के बाद नम आंखों से सभी भक्तों ने मां दुर्गा को विसर्जित कर विदाई दी। बता दें कि प्रवीण सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा में 11 दिनों में जमशेदपुर और इसके आस-पास क्षेत्र समेत पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा से लाखों भक्त दर्शन करने पहुंचे थे। 2 अक्टूबर की शाम पंडाल के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। भक्तिमय माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा संपन्न होने पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने नगरवासियों और प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

## मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने दुर्गा मंदिरों में टेका मत्था

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/मंडरो :** देवी की उपासना का पर्व नवरात्र के अवसर पर सभी माता मंदिरों में जहा लगातार दर्शन करने वालो की भीड़ बढ़ती जा रही है।वही झारखण्ड राज्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह उनके पति रत्नेश कुमार सिंह भी अपने क्षेत्र के माता मंदिरों,दुर्गा पंडाल सहित प्रदेश के अनेक सिद्ध मंदिरों में पहुंच कर क्षेत्र और प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली की कामना कर माता का आशीर्वाद ले रही है। मंडरो, ठाकुरगंगटी, रेशम नगर भगैया, सहित आसपास के अनेक गांव में इस समय देवी की आराधना में भक्तगण डूबे हुए थे।अपने अनेक स्वरूप में विराजित माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु गणों प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पंडालों को काफी अच्छी सजावट से सजाया गया था। मंत्री गोड्डा जिला के महगामा विधानसभा क्षेत्र के गांव के दुर्गा पंडालों माता की मंदिरों पर मत्था टेक,चुनरी ओढ़ाकर माता का आशीर्वाद ले रहे थी। मंत्री ने कहा कि नवरात्र के अवसर पर माता के दर्शन करने से कष्ट दूर हो जाते है और शक्ति पीठ मंदिरों में पहुंचने से हर बिगड़े काम भी सुधर जाते है।उन्होंने सभी स्थानों पर अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगो की उन्नति,प्रगति,सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना के लिए माता जी से आशीर्वाद लिया है। मौके पर रेशम नगर भगैया व समिति गण मौजूद थे।



## मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/ उधवा :** विजयादशमी के दूसरे दिन थाना क्षेत्र के कई इलाकों में स्थापित दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए रविवार को भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं। इन शोभायात्राओं में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माता के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और उल्लास के साथ नदी और अन्य विसर्जन स्थलों पर किया गया। अप्रिय घटना से बचने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात विसर्जन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासन और पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। समस्त विसर्जन कार्यक्रम शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। मौके पर राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई हसनैन अंसारी व पुलिस बल तैनात थे।

# कृषि मंत्री सह महगामा विधायक ने नये थाना भवन का किया उद्घाटन

मेट्रो रेज

**गोड्डा/ठाकुरगंगटी :** मेहरमा नए थाना भवन का उद्घाटन रविवार को कृषि मंत्री सह महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह व एसपी अनिमेष नैथानी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर फीता काटकर किया। पंडित आनंद मिश्रा ने मंत्रोच्चार किया इस दौरान उपस्थित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा पुर्व में मेहरमा थाना बहुत ही जर्जर था। मेहरमा पुलिस प्रशासन को नए थाना भवन का आज रविवार को उद्घाटन है। पुलिस प्रशासन को हर सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। इसके पहले ठाकुरगंगटी थाना भवन का भी उद्घाटन किया गया था। बलबड्डा थाना भवन भी बनाया जा रहा। पुलिस सुविधाओं से लैस होकर मजबूती से काम करेगी जनता को इसका लाभ मिलेगा।।थाने को आधुनिक तरीके से सुसज्जित किया गया है। ताकि आमजनों को परेशानी का सामना न करना पड़े। आम जनता के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए पुलिस हमेशा प्रयासरत है। अपराध की घटना रोकने के लिए भी पुलिस तत्पर होकर काम कर रही है। नया थाना भवन झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉपोर्रेशन विभाग की ओर से कुल 2 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है।



**किया कहते हैं गोड्डा एसपी अनिमेष नैथानी :** पुर्व में मेहरमा थाना बहुत ही भवन जर्जर था पुलिस अधिकारी के साथ साथ पुलिस जवानों को काभी कार्य करने के साथ साथ भारी समस्या होती थी। दूर दराजों से आने वाले फरियादियों को भी पुराने थाना में काफी समस्या का उत्पन्न होती थी?। विधायक सह? कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को अवगत करवाया गया था जिसके फलस्वरुप मेहरमा नए थाना भवन उद्घाटन मंत्री जी द्वारा नारियल फोड़कर फीता काटकर किया गया है। थाना में आने वाले फरियादी को हर सुविधा मुहैया कराई जाएगी चुनाव के समय अतरिक्त पुलिस फोर्स आने के बाद काभी समस्या झेलना पड़ता था। उन? सभी जवानों को? ठहराव के लिए सुविधा उपलब्ध हो? पाएंगी आज भवन हेडओभर हुआ है।और बेहतरीन तरीके से फर्नीचर उपलब्ध करा कर और बेहतर तरीके से चालू कर दिया जाएगा मौके पर एसपी अनिमेष नैथानी, एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद मेहरमा बीडीओ सह सीओ अभिनव कुमार मेहनतमा थाना प्रभारी नीतीश अश्वनी बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल चौबे, एसआई विद्यानचंद पटेल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नंदू शेखर आजाद बीस सुत्री सदस्य आत्मा पांडे, बीस सूत्री अध्यक्ष शंशाक शेखर व अन्य लोग मौजूद थे।

# टीआर पैसेंजर ट्रेन के मुरलीहाल्ट स्टेशन पर ठहराव से लोगों में खुशी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा ने राजमहल से तीनपहाड़ के बीच चलने वाली टी आर पैसेंजर ट्रेन का मुरलीहाल्ट स्टेशन पर ठहराव का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुरली हॉल्ट स्टेशन जो तिनपहाड़-राजमहल खंड के बीच स्थित है। आधिकारिक रूप से उद्घाटन हो गया था। जिससे स्थानीय निवासियों के बीच खुशी और राहत की लहर दौड़ गई है। उद्घाटन समारोह में विधायक अनंत कुमार ओझा एडीआरएम मालदा शिव कुमार प्रसाद और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने भाग लिया। यह घटना क्षेत्रीय संपर्क में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।और स्थानीय समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करती है। मालदा एडीआरएम शिव कुमार प्रसाद ने समुदाय के लिए मुरली हॉल्ट स्टेशन के पुनः उद्घाटन के महत्व को रेखांकित किया और यात्रियों की सुविधा और संपर्क में सुधार के लिए रेलवे की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। विधायक अनंत कुमार ओझा ने भी सभा को संबोधित किया और रेलवे अधिकारियों का स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं को पहचानने और उनका समाधान करने के लिए उठाए गए कदमों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने समुदाय और रेलवे अधिकारियों के बीच सहयोग की प्रशंसा की अब यह स्टेशन तिनपहाड़-राजमहल मार्ग पर संचालित होने वाली सभी 8 जोड़ी यात्री ट्रेनों को सेवा प्रदान करेगा।जिससे स्थानीय निवासियों और आगंतुकों के लिए यात्रा के विकल्पों में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। यह नया ठहराव कई यात्रियों के दैनिक आवागमन को आसान बनाने की उम्मीद है। जिससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी योगदान होगा।स्थानीय निवासियों ने इस विकास पर अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया है। इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। जो आने वाले वर्षों में समुदाय को लाभान्वित करेगी। मुरली हॉल्ट का पुनः उद्घाटन एक सकारात्मक विकास की दिशा में कदम है। और उम्मीद है। कि इससे निकट भविष्य में और भी सकारात्मक विकास के रास्ते खुलेंगे।



## रात भर सड़क पर पड़ा रहा शव, छानबीन में जुटी पुलिस

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** उधवा-बरहरवा एनएच 80 मुख्य पथ स्थित लखीजोल के पास बीते शनिवार की रात्रि को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मरांग बेटा सोरेन (28) वर्ष नामक युवक की मौत हो गई।चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सिमलजोड़ी निवासी मरांग बेटा सोरेन (28) वर्ष बीते शनिवार को अपने घर से दुर्गा पूजा का मेला देखने के लिए मोहनपुर गया था। बताया जाता है कि वह देर रात पैदल अपने पैतृक घर आ रहा था। इसी बीच लखीजोल के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से उनकी मुत्यु हो गई। काफी देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तब स्वजनों ने आसपास खोजबीन करना शुरू किया। रविवार की अहले सुबह लोगों ने देखा कि सड़क पर मृत शव पड़ा हुआ है। लोगों ने शव की पहचान कर इसकी सूचना स्वजनों को दिया। सूचना पाकर स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे। उधर, घटना की सूचना मिलते ही राधानगर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में मृतक के चाचा बजुन सोरेन के बयान पर थाना कांड संख्या 182/24 के तहत अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फिलहाल राधानगर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

मेट्रो रेज

**जामा।** प्रखंड अंतर्गत सिद्धो कान्हु नवयुवक संघ खटंगी द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का फाइनल खेल रविवार को एदेल बेड़ा बनाम के लिटील बोय के बीच खेला गया। इससे पूर्व फाइनल खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, झामुमो प्रखंड सचिव सत्तार खान, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकृष्ण हेम्ब्रम सचिव सह मुखिया कमीशन सोरेन, पंचायत सचिव सुभाष सोरेन सक्रिय कार्यकर्ता सुरेश सोरेन, सुरेश सोरेन,नसीम अंसारी, ग्राम प्रधान नवल किशोर हेम्ब्रम, मुखिया महादेव टुडू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल खेल में लिटील बोय ने पेनल्टी शूटआउट में 1 गोल से विजय प्राप्त किया। फाइनल खेल में विजेता टीम लिटील बोय को मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, झामुमो प्रखंड सचिव सत्तार खान, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकृष्ण हेम्ब्रम, स्थानीय मुखिया महादेव टुडू सक्रिय कार्यकर्ता सुरेश सोरेन ने संयुक्त रूप से 5 हजार रूपया देकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम ऐदेल बेड़ा को विशिष्ट अतिथि पंचायत सचिव सुभाष सोरेन, आजाद बेनी हेम्ब्रम, ग्राम प्रधान नवल-किशोर हेम्ब्रम, जनार्दन महतो ने 3 हजार रूपया संयुक्त रूप से देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सक्रीय कार्यकर्ता नसीम अंसारी,मुन्ना टुडू, बरून सोरेन, सुनील मुर्मू,दिपक मुर्मू, सोनालाल किस्कू व अन्य मौजूद रहे।



## फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**जामा :** एफसी क्लब माझियानडी की ओर से आयोजित जामा प्रखंड के थानपुर पंचायत अन्तर्गत ऊपर माझियानडी गांव में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भाई भाई क्लब व मठाचक टीम के बीच खेला गया। फाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ झामुमो के जिला सचिव शिव कुमार बास्की, प्रखंड सचिव सत्तार खान, स्थानीय मुखिया शंकर कोल, सुरेश सोरेन, कालेश्वर कोल, दिलीप बेसरा,नरेश लायक, सुबोध यादव व अरुण यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मुकाबले में भाई भाई क्लब ने मठाचक टीम को दो गोल से पराजित कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमा लिया।प्रतियोगिता की विजेता टीम भाई भाई क्लब को जिला सचिव शिव कुमार बास्की, प्रखंड सचिव सत्तार खान एवं मुखिया शंकर कोल ने संयुक्त रूप से दस हजार रु नगद देकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम मठाचक को सुरेश सोरेन, कालेश्वर कोल,नरेश लायक एवं सुबोध यादव ने नगद सात हजार रु देकर सम्मानित किया।



## न्यूज IN ब्रीफ

### पत्रकार सनी कुमार की पत्नी का निधन

**साहिबगंज/बरहरवा:** रांगा थाना क्षेत्र निवासी दैनिक अखबार के पत्रकार सनी कुमार भगत की पत्नी स्वीटी कुमारी दास के आकस्मिक निधन से शोक की लहर दौड़ गई है। दिवंगत स्वीटी कुमारी 30 वर्ष की थी। और बीते लगभग 18-20 दिनों से बीमार थीं। जिनका प्रारंभिक इलाज प्रेम ज्योति कम्युनिटी अस्पताल चंद्रगोड़ा में चल रहा था। पत्रकार के पत्नी की बिगड़ती हालत को देखकर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जिसके बाद से उनका इलाज मालदा के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा था। जहां रविवार की दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। दिवंगत स्वीटी कुमारी अपने पीछे 8 वर्षीय पुत्र व 11 महीने की पुत्री को छोड़ गई हैं। आज उनके शव को रांगा स्थित आवास लाया जाएगा और राजमहल शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। विभिन्न पत्रकार संगठनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। वहीं पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### ट्रेन की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**जामा:** थाना क्षेत्र के दुमका जसीडीह रेलवे लाइन पर शनिवार को ट्रेन के चपेट में आने से विवाहिता की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजवायी। शव की पहचान जरमुंडी थाना क्षेत्र के सरडीहा गांव के मुन्ना राय की पत्नी सेंडो देवी उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पोल संख्या 52/8 एवं 53/9 के बीच एक महिला की मौत ट्रेन के चपेट में आने से हुई है। परिजनों के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### पूजा की छुट्टियों के बाद आज से खुलेगा एसकेएमयू

**दुमका:** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका दशहरा की छुट्टी के बाद आज सोमवार से खुल रहा है। आज से विश्वविद्यालय कार्यालय समेत सभी कॉलेज पठन-पाठन व अन्य गैर शैक्षणिक कार्य के लिए खुल जाएंगे। मालूम हो कि सात अक्टूबर से विश्वविद्यालय में दुर्गा पूजा की छुट्टी थी। आज सात दिनों के बाद विश्वविद्यालय खुल रहा है, जबकि दो साल पहले दुर्गा पूजा से लेकर दीपावली, छठ पूजा तक करीब एक महीने तक छुट्टी रहती थी। छुट्टी काटे जाने को लेकर विश्वविद्यालय के शिक्षक लगातार विरोध जताते रहे हैं। इस बीच विश्वविद्यालय ने पीजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा तिथि भी तय कर दी है। यह परीक्षा 18 अक्टूबर से शुरू होकर 26 अक्टूबर तक चलेगी। उक्त परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से एडमिट कार्ड भी जारी कर दिया गया है तथा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर केंद्राधीक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ। जय कुमार साह ने बताया कि परीक्षा शुरू करने से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं।

### एकादशी से 35 दिन पूर्णिमा तक का कार्तिक नियम व्रत होगें: पंडित अरविंद

**साहिबगंज:** गृहस्थ विशेषकर महिला वैष्णव सोमवार से एकादशी से पूर्णिमा तक 35 दिन का नियम लेते हैं। जिससे उनके मासिक धर्म के दिन कवर हो जाते हैं। कार्तिक मास को वैष्णव भाषा में दामोदर मास भी कहा जाता है। यह बातें बताते हुये पंडित अरविंद ने बताया की इसी माह में यशोदा मैया ने भगवान कृष्ण को रस्सी से उखल के साथ बांधा था।कार्तिक मास में वैष्णव जन विशेष भजन का नियम लेते हैं । केंद्र में भजन होता है। और भजन के लिए आवश्यक है।कि हमारा खान-पान दिनचर्या सोच विचार सात्विक हो और भजन के अनुकूल हो केवल जमीन पर सोना सूर्योदय से पूर्व उठ जाना फलानी चीज खाना और फलानी चीज नहीं खाना इस पर केंद्रित होना और भजन ना बढ़ाना भजन ना करना यह अच्छी बात नहीं है।जितने भी सदाचार भोजन के परहेज, ब्रह्मचर्य का पालन भूमि शयन कम सोना, रात में नहीं खाना यह सब इसलिए है। कि हमारा शरीर सात्विक रहे, शरीर में विकार ना आए और इस शरीर से जितना हम चाहते हैं उतना भजन हो पाए।

**क्या क्या है मुख्य बात :** सूर्योदय से पूर्व उठकर तुरन्त स्नान दामोदर अष्टक का पाठ, तुलसी जी की 108 या 4 परिक्रमा, तुलसी जी को दीपदान एवम तुलसी सेवा,ठाकुर जी को दीपदान

मंदिर दर्शन,वैष्णव ग्रन्थ श्रवण या पठन, धाम में है तो दामोदर की चार परिक्रमा आदि आदि और अंतिम दिन द्वादशी को कार्तिक व्रत उद्यापन ।यह सब होता रहे, शरीर स्वस्थ रहे इसके लिए भोजन आदि की, सदाचार की व्यवस्था की गई है ।भोजन को सरल बनाने के लिए भी एक अच्छा तरीका है । कार्तिक मास में खाने की किन्हीं 10 चीजों की आप लिस्ट बना लें । इस माह में केवल उन 10 चीजों को ही दस सब्जियों को ही आगे पीछे करके खाएं । नमक से काम मिर्च से क्रोध,मीठे से लोभ, दूध पदार्थ से मोह बढ़ता है।अतः सावधान यह भी इसलिए है कि हम स्वाद पर कंट्रोल कर पाए क्योंकि जो हमारी जिह्वा है यह बहुत ही शक्तिमान इन्द्रिय है । जिह्वा की पुष्टि स्वाद द्वारा होती रही तो अन्य इंद्रियां भी अपना-अपना विषय मांगेगी और हम विषयों में लग जाएंगे तो भजन नहीं हो पाएगा इस दृष्टि को ध्यान में रखते हुए एक ईमानदार साधक कार्तिक में अधिक भजन का व्रत लेता है।और बहुत ही सरलता से उसका पालन करके श्री कृष्ण भक्ति की एक और सीढ़ी चढ़ जाता है।

### सरायकेला में बॉयलर फटने से पिता की मौत, पुत्र की हालत गंभीर



**सरायकेला।** औद्योगिक क्षेत्र के फेज सात स्थित ताला इंटरप्राइजेज नामक कंपनी में बॉयलर ब्लास्ट होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि वहां काम कर रहा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे टीएमएच ले जाया गया है। घटना शनिवार की शाम की की बताई गई है। मृतक की पहचान भाटिया बस्ती निवासी मदन प्रसाद के रूप में की गई है। घायल मजदूर का नाम शुभम प्रसाद बताया गया है, जो उनका पुत्र है। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि यह कंपनी दो माह पूर्व ही शुरू हुई है। यहां सीमेंट के प्लास्टिक के बोरे को गलाकर रॉ मैटीरियल बनाया जाता है। यह कंपनी अरुण सिंह किराए पर लेकर चलाता है।

## बिग बॉस : सलमान खान के साथ मशहूर एक्ट्रेस ने मौके का फायदा उठाकर किया किस, शरमाते रह गए दबंग खान



बिग बॉस 18 में वीकेंड का वार चल रहा है. सलमान खान घरवालों को एक हफ्ते में जो कुछ हुआ उसे लेकर क्लैरिटी दे रहे हैं और साथ ही फैंस को एंटरटेन भी कर रहे हैं. बिग बॉस 18 का पहला वीकेंड का वार एपिसोड तो मजेदार था ही, लेकिन रात जो होगा उसके बाद तो फैंस के भी होश उड़ने वाले हैं. आज रात शो में काफी गेस्ट आएंगे. लाफ्टर शेफ की टीम हो या मल्लिका शेरावत आज सभी आपके एंटरटेनमेंट के लिए आने वाले हैं. इसी बीच अब शो का नया प्रोमो वीडियो सामने आया है. इस वीडियो को देखने के बाद दर्शक भी अपनी आंखों पर हाथ रख लेंगे. अब तक स्क्रीन पर जो कभी देखने को नहीं मिला आज रात वो कलर्स पर दिखाई देगा. आज तक सलमान खान ने ऑनस्क्रीन कभी किस नहीं किया. उनकी फिल्मों में भी नो किसिंग पॉलिसी होती है. लेकिन आज रात वो होगा जो पहले कभी नहीं हुआ. अब ये पढ़कर तो आप भी बेचैन हो गए होंगे कि आखिर आज रात होने क्या वाला है? तो बता दें, सलमान खान तो किसी लड़की को किस नहीं करने वाले लेकिन एक मशहूर एक्ट्रेस जरूर उन्हें चुमंती हुई नजर आएंगी. लेटेस्ट प्रोमो में दिखाया गया है कि मल्लिका शेरावत मौके का फायदा उठाकर आज नेशनल टीवी पर दबंग खान को किस कर देंगी और सलमान कुछ भी नहीं कर पाएंगे. वो तो बस शरमाते हुए ही रह जाएंगे. पहले मल्लिका शेरावत शो के होस्ट की आंखों में आंखें डाल रोमांस करेंगी. इसके बाद वो उनके साथ डांस करेंगी और रोमांटिक बातें भी. इतना ही नहीं देखते ही देखते एक्ट्रेस सलमान खान को गाल पर किस भी कर देंगी. इन दोनों का ये क्यूट मोमेंट आपको आज रात बिग बॉस में देखने को मिलेगा. इंडिया के मोस्ट एलिजिबल बैचलर अब इस किस के बाद क्या करते हैं? ये देखने के लिए उनके करोड़ों फैंस टीवी पर निगाहें टिकाए बैठने वाले हैं. आज का एपिसोड वाकई मजेदार होगा.


# मुंबई में बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बढ़ाई गई सलमान की सुरक्षा

**बाबा सिद्दीकी** की हत्या के बाद बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. लॉरेंस बिश्नोई गैंग द्वारा हत्या की जिम्मेदारी लेने के बाद सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है. सलमान खान के परिवार ने उनके करीबी दोस्तों और सहयोगियों से अनुरोध किया है कि वे फिलहाल उनसे मिलने न आएं. सलमान खान बाबा सिद्दीकी को खोकर बेहद दुखी हैं. बाबा सिद्दीकी न केवल उनके दोस्त थे, बल्कि उनके परिवार के सदस्य की तरह थे. एक सूत्र के अनुसार, सलमान खान बाबा सिद्दीकी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में हैं और उन्हें हरसंभव मदद दे रहे हैं. उन्होंने अपनी सभी निजी मुलाकातें रद्द कर दी हैं. लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली है. गैंग ने दावा किया है कि बाबा सिद्दीकी का दाऊद इब्राहिम से संबंध था और इसी वजह से उनकी हत्या की गई. हालांकि, मुंबई पुलिस ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है. मुंबई पुलिस ने इस मामले में तीन शूटरों की पहचान कर ली है और मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी हुई है. पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही इस मामले का खुलासा करने की उम्मीद है.



मुंबई पुलिस ने इस मामले में तीन शूटरों की पहचान कर ली है और मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी हुई है

## बाबा सिद्दीकी ने सुलझाया था सलमान और शाहरुख के बीच सालों पुराना विवाद



एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी ने अपनी एक इफ्तार पार्टी में बॉलीवुड के दो सुपरस्टार्स के बीच की दुश्मनी खत्म करवाई थी। सलमान खान और शाहरुख खान ने कई सालों तक एक-दूसरे से बात नहीं की थी लेकिन, बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी में उनकी सारी नोकझोंक खत्म हो गई। 2008 में कैटरीना कैफ की बर्थडे पार्टी में सलमान खान और शाहरुख खान के बीच तीखी झड़प हो गई थी। इसके बाद दोनों ने पांच साल तक एक-दूसरे से बात नहीं की। इतना ही नहीं, बल्कि एक-दूसरे के बारे में बात करने से भी बचें। उन्होंने 2013 में एक इवेंट में इन दोनों स्टार्स को एक साथ लाया था। 2013 में बाबा सिद्दीकी ने अपने घर पर इफ्तार पार्टी रखी थी। इस पार्टी के लिए सलमान खान और शाहरुख खान को इनवाइट किया गया था। इस इफ्तार पार्टी में दोनों ने शिरकत की। यहीं पर दोनों ने सालों की नाराजगी खत्म कर दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाकर अपनी बहस और मतभेद खत्म कर लिए थे। सलमान और शाहरुख के बीच विवाद को सुलझाने में बाबा सिद्दीकी ने अहम भूमिका निभाई थी। बाबा सिद्दीकी के निधन की खबर आते ही उनकी उस इफ्तार पार्टी की तस्वीरें एक बार फिर वायरल हो रही हैं। इसमें बाबा सिद्दीकी सलमान खान और शाहरुख खान के साथ नजर आ रहे हैं।

### नेपाल के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए यूएसए टीम घोषित

## अली खान की वापसी, टेलर बाहर



**न्यूयॉर्क।** पूर्व कप्तान स्टीवन टेलर को इस सप्ताह के अंत में नेपाल के खिलाफ होने वाली टी20आई सीरीज के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है, वहीं तेज गेंदबाज अली खान की वापसी हुई है। 31 वर्षीय टेलर, विश्व कप और नीदरलैंड में 50 ओवर की सीरीज में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। वह नीदरलैंड में टी20आई टीम का हिस्सा थे, लेकिन सीरीज से पहले एकदिनी श्रृंखला में चोट लगने के बाद उन्हें 'आराम' दिया गया था। विश्व कप के बाद से अपनी पिछली 7 पारियों में 13 की औसत से रन बनाने वाले नीतीश कुमार को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया। कनाडा के पूर्व कप्तान, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में टी20 विश्व कप में टीम की अगुवाई की थी, ने भारत के खिलाफ 27 रनों की प्रभावशाली पारी के बाद अपना फॉर्म खो दिया। समित पटेल एक बार फिर कमर की चोट के कारण छह सप्ताह तक खेल से बाहर रहेंगे, जिससे वह टी20 सीरीज के बाद 50 ओवर की त्रिकोणीय सीरीज से भी बाहर हो जाएंगे। हालांकि यूएसए अपने करिश्माई तेज गेंदबाज अली खान से उत्साहित होगा। 33 वर्षीय खिलाड़ी नीदरलैंड दौरे को छोड़ने और पैर की चोट के कारण एक्शन से बाहर रहने के बाद विश्व कप के बाद पहली बार यूएसए की टीम में खेलने के लिए तैयार है, जिसके कारण उन्हें ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ सीपीएल सीजन से बाहर होना पड़ा। एरॉन जोन्स नामीबिया दौरे के बजाय यूएसए के साथ सेंट लूसिया किंग्स के लिए सीपीएल में खेलने को प्राथमिकता देने के बाद फिर से टीम में शामिल हो गए हैं। यह समझा जाता है कि जोन्स को नेपाल श्रृंखला के लिए नजरअंदाज किया जा सकता था। मोनांक पटेल टीम की कप्तानी करेंगे, क्योंकि नामीबिया में टी20 मैचों में कंधे की चोट के कारण उन्हें आराम दिया गया था। उत्कर्ष श्रीवास्तव ने लगातार तीसरे यूएसए दौरे के लिए टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। 17 वर्षीय श्रीवास्तव ने टीम में अपनी घोषणा के बाद से यूएसए के लिए खेले गए 15 मैचों में से केवल एक में ही हिस्सा लिया है। नेपाल के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए यूएसए की टीमः मोनांक पटेल (कप्तान), एंड्रीज गौस, अभिषेक पराडकर, अयान देसाई, हरमीत सिंह, जुआनॉय ड्रिस्डेल, मिलिंद कुमार, अली खान, नोस्तुषा केंजीगे, जसदीप सिंह, एरॉन जोन्स, सैतेजा मुक्कमल्ला, शायन जहांगीर, उत्कर्ष श्रीवास्तव, यासिर मोहम्मद।

### एचआईएल नीलामी के पहले दिन के बाद श्रीजेश ने कहा-

## हमने ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों को चुना

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी के पहले दिन रविवार को विभिन्न फ्रैंचाइज़ियों के प्रमुख लोगों ने अपनी टीम की संरचना और नीलामी प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए, जिससे आने वाले सत्र के लिए उनका आत्मविश्वास और उत्साह झलका।

दिल्ली एसजी पाइपर्स के निदेशक और सहायक कोच पीआर श्रीजेश ने टीम के चयन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने टीम की संतुलित प्रकृति पर जोर दिया, जिसमें अनुभवी विदेशी और प्रतिभाशाली भारतीय खिलाड़ियों का मिश्रण शामिल है।

श्रीजेश ने कहा, 'हमने एक अच्छी टीम चुनी है, जिसमें एक विदेशी गोलकीपर भी शामिल है। ज्यादातर, हमने भारतीय खिलाड़ियों को चुना है, जिससे डिफेंस और मिडफील्ड में पर्याप्त खिलाड़ियों के साथ एक संतुलित टीम तैयार हुई है। अह हमें फॉरवर्ड और मिडफील्ड पोजीशन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।'

टीम के साथ अपनी परिचितता को दशार्ते



हुए, उन्होंने कहा, 'मैं उन खिलाड़ियों को जानता हूँ जो हमारे साथ हैं; वे मेरे जूनियर हैं। एक खिलाड़ी आपको खेल नहीं जिता सकता; जीत तो टीम को ही मिलती है।'

दिल्ली एसजी पाइपर्स के कोच ग्राहम रीड, जो टोक्यो ओलंपिक में भारत के कांस्य पदक विजेता कोच थे, ने कहा, 'भारत में वापस आकर बहुत अच्छा लगा। मैं सभी भारतीय खिलाड़ियों, खासकर युवा खिलाड़ियों और रोहित से खुश हूं। श्रीजेश, शिवा और फिजियो के साथ हमारी टीम में कुछ सुधार हुआ है। ओलंपिक के बाद मैंने शायद लाखों बातें कही हैं; भारतीय हॉकी बेहतर से बेहतर होती जा रही है। मुझे हॉकी इंडिया को इसे एक साथ लाने के लिए बधाई देनी होगी। यह खेल के लिए अद्भुत है। यह हॉकी के लिए बहुत बढ़िया है, दर्शकों के लिए बहुत बढ़िया है, हॉकी को टीवी पर वापस देखना अच्छा होगा।' यूपी रुद्रास टीम के कोच, पॉल वैन ऐस ने तनावपूर्ण लेकिन पुरस्कृत नीलामी प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने उनके चयन में रणनीतिक योजना पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे यह बहुत पसंद आया; यह बहुत अच्छा था। भारतीय ओलंपिक खिलाड़ियों के लिए बहुत तनाव था, और इसमें अधिक समय लगा क्योंकि हर कोई उनके लिए बोली लगा रहा था। यह भारतीय हॉकी के लिए एक प्लस है। मैं अपेक्षाकृत शांत था क्योंकि हमारे पास अच्छी योजनाएँ थीं। हमें हार्दिक मिला, जो मुझे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक लगता है। मैं सभी खिलाड़ियों से खुश हूँ।'

## कैमरन ग्रीन के पीठ की होगी सर्जरी भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

एजेंसी

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की रीढ़ की हड्डी में तनाव फ्रैक्चर के लिए सर्जरी होगी, जिससे वह भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। टीम के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'रिकवरी का समय लगभग छह महीने होने का अनुमान है। सर्जरी के लिए आगे बढ़ने का फैसला कैमरनके एक ऑलराउंडर के रूप में दीर्घकालिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया गया है।'

ग्रीन को इंग्लैंड में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान



पीठ के निचले हिस्से में तनाव फ्रैक्चर का पता चला था, जिससे भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में अटकलें लगाई जा रही थीं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा था कि ग्रीन इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें न्यूजीलैंड के विशेषज्ञों से सर्जरी करवानी चाहिए, जिन्होंने पहले भी तेज गेंदबाजों की मदद की है। विकल्प यह था कि सर्जरी के बिना ही उन्हें ठीक किया जाए और ग्रीन को भारत सीरीज में केवल बल्लेबाज के रूप में खेलने दिया जाए। हालांकि, ग्रीन की स्थिति अधिक जटिल थी, इसलिए सर्जरी बेहतर थी। प्रवक्ता ने कहा, 'जबकि तेज गेंदबाजों में रीढ़ की हड्डी में तनाव फ्रैक्चर असामान्य नहीं है,पूरी तरह से परामर्श के बाद यह तय किया गया कि कैमरनको सर्जरी से लाभ होगा और भविष्य में इसके फिर से होने का जोखिम कम होगा।' ग्रीन की अनुपस्थिति का मतलब ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव होगा, क्योंकि 25 वर्षीय ग्रीन ने अपने पिछले चार टेस्ट मैचों में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है।

### महिला टी20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद हरमनप्रीत ने कहा-

## हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर सके

एजेंसी

**शारजाह।** आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ रन से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह और दीप्ति शर्मा अपनी साझेदारी के दौरान कुछ ढीली गेंदों को सही से हिट नहीं कर सकीं,जिसके कारण अंततः टीम की हार हुई। एनाबेल सदरलैंड के शानदार अंतिम ओवर की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को शारजाह में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप मैच में मात्र नौ रन से जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर यह था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं थी और उसके पास कुछ बेहतरीन ऑलराउंडर भी थे।

हरमनप्रीत ने कहा, 'मुझे लगता है कि उनकी पूरी टीम योगदान देती है, वे एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं रहते हैं, उनके पास कई ऑलराउंडर हैं जो



योगदान देते हैं। हमने भी अच्छी योजना बनाई थी और हम खेल में मौजूद थे। उन्होंने आसानी से रन नहीं दिए और इसे मुश्किल बना दिया। वे एक अनुभवी टीम हैं। यह कुछ ऐसा है जो आपके नियंत्रण में नहीं है, आपको हमेशा अपने प्लेइंग इलेवन को तैयार रखना होता है, भले ही एक या दो खिलाड़ी बाहर हों।' उन्होंने कहा, 'राधा ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, वह खेल में थी और उसने अच्छा क्षेत्ररक्षण भी किया। आपको टीम में ऐसे चरित्र की आवश्यकता होती है जो हमेशा मौजूद रहे। यह एक ऐसा लक्ष्य था जिसे हासिल किया जा सकता था। जब मैं और दीप्ति बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर पाए। हम ऑस्ट्रेलिया से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जो कुछ भी हमारे हाथ में था, हम उसे करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन यह हमारे नियंत्रण में नहीं था। अगर हमें एक और गेम खेलने का मौका मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा। लेकिन अन्यथा, जो भी टीम सेमीफाइनल में होने का हकदार है, वह वहां होगी।'

मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रेस हैरिस (40), कप्तान ताहलिया मैकग्राथ (32) और एलिस पैरी (32) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट पर 151 रन बनाए। भारत की तरफ से रेणुका सिंह, दीप्ती शर्मा ने 2-2 और श्रेयांका पाटिल, पूजा वस्त्राकर, और राधा यादव ने 1-1 विकेट लिया।

जवाब में भारतीय टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 54) के बेहतरीन अर्धशतक और दीप्ती शर्मा (29) व शैफाली वर्मा (20) की शानदार पारियों के बावजूद 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया के लिए अन्नाबेल सदरलैंड, सोफी मोलीनेक्स ने 2-2 व मेगन शुट्ट,और एश्ले गार्डनर ने 1-1 विकेट लिया।

## केन्याई धावक रूथ चेपनगेटिच ने शिकागो में तोड़ा महिला मैराथन का विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** केन्या की रूथ चेपनगेटिच ने रविवार को इतिहास रचते हुए शिकागो में महिलाओं की मैराथन का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया। उन्होंने पिछले सर्वश्रेष्ठ से लगभग दो मिनट पीछे रहकर दो घंटे, नौ मिनट और 56 सेकंड का अनौपचारिक समय लेकर दौड़ पूरी की। चेपनगेटिच ने शिकागो में अपना तीसरा खिताब जीता और इथियोपिया की टिगस्ट अस्सेफा के पिछले साल बर्लिन में बनाए गए 2:11:53 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इथियोपिया की सुतुमे केबेडे ने दो घंटे 16 मिनट और 36 सेकंड बाद रेखा पार की, जबकि केन्या की इरीन चेप्टाई (2:17:51) तीसरे स्थान पर रहीं।

रिकॉर्ड तोड़ने के बाद चेपनगेटिच ने कहा, 'मेरा सपना सच हो गया है,जिसका समय मूल रूप से 2:09:57 दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में इसे समायोजित कर दिया गया।'

चेपनगेटिच ने शुरू से ही तेज रफ़्तार पकड़ी, पहले पाँच किलोमीटर 15 मिनट में दौड़ीं और आधे रास्ते तक उन्होंने खुद और केबेडे के बीच 14 सेकंड का



### केन्या के कोरिर ने जीता पुरुष वर्ग का खिताब

केन्या के जॉन कोरिर ने रविवार को 2 घंटे 2 मिनट 44 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय लेकर पुरुषों की शिकागो मैराथन का खिताब जीता। 27 वर्षीय कोरिर ने अपनी पहली बड़ी मैराथन जीत हासिल की। दूसरे नंबर पर इथियोपिया के मोहम्मद ईसा (2:04:39) और तीसरे नंबर पर केन्याई अमोस किप्रूटो (2:04:50) रहे।

अंतर बना लिया।

2019 की विश्व चैंपियन चेपनगेटिच रेस पूरी करने के बाद थककर झुक गईं और अपने प्रदर्शन को हमवतन केल्विन किप्टम को समर्पित किया, जिन्होंने एक साल पहले शिकागो में पुरुषों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था और चार महीने बाद एक कार दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी।

उन्होंने कहा, 'विश्व रिकॉर्ड मेरे दिमाग में था, शिकागो, जैसा कि मैंने पहले भी कहा, मेरे घर जैसा है।'

# मुंबई के बहुचर्चित बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में तीसरा आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस ने तीसरे आरोपित प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार कर लिया। उसका भाई शुभम लोनकर फरार हो गया। इन दोनों पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने का पुलिस को शक है। मुंबई पुलिस प्रवीण लोनकर से पूछताछ कर रही है। उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार, रविवार को शुब्बू लोनकर नाम के शख्स के अकाउंट से की गई पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। इस पोस्ट में सलमान खान और दाऊद गैंग का भी जिक्र किया गया था। इस मामले की छानबीन मुंबई पुलिस ने शुरू की तो पता चला कि यह अकाउंट शुभम लोनकर के नाम पर है और पोस्ट भी शुभम ने लिखी। शुभम लोनकर अकोला जिले के अकोट का मूल निवासी है।

रविवार देररात पुलिस टीम शुभम को पकड़ने के लिए अकोट तहसील के निवारी बुद्रुक गांव में शुभम लोनकर के घर पहुंची। पुलिस की भनक लगते ही शुभम फरार हो गया और उसके घर पर ताला लगा मिला। इसके बाद पुलिस ने उसके भाई प्रवीण लोनकर का पता लगाया और उसे पुणे से गिरफ्तार कर लिया।

प्रवीण लोनकर से अब तक की पूछताछ में पता चला कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए शुभम लोनकर और प्रवीण लोनकर ने दो आरोपितों धर्मराज कश्यप और शिवानंद को चुना। लोनकर ने ही पुणे में आश्रय दिया। जांच में यह भी पता चला है कि इसी साल फरवरी में शुभम लोनकर को महाराष्ट्र पुलिस ने अवैध हथियार के साथ अकोला से गिरफ्तार किया था। उस समय जांच के दौरान शुभम लोनकर और प्रवीण लोनकर का लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कनेक्शन सामने आया था। पुलिस को शक है कि शुभम लोनकर और प्रवीण लोनकर ने ही बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद पुलिस ने गुरुनेल सिंह और धर्मराज कश्यप को गिरफ्तार किया। कोर्ट ने गुरुनेल सिंह को 21 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया था, जबकि धर्मराज कश्यप ने खुद को नाबालिग बताया था। इसके बाद पुलिस ने धर्मराज कश्यप ओसिफिकेशन टेस्ट करवाया और टेस्ट में उसकी उम्र 23 वर्ष होने के सबूत मिले, जिसे पुलिस ने फिर से कोर्ट में पेश किया। इसलिए कोर्ट ने धर्मराज कश्यप को भी 21 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया। इस मामले में शिवकुमार उर्फ शिवा, मोहम्मद जीसान अख्तर और शुभम लोनकर फरार आरोपित हैं। उनकी तलाश मुंबई पुलिस कर रही है।

राष्ट्रपति मुर्मु अल्जीरिया में मिलीं भारतीय समुदाय से, कहा

# आप भारत के सच्चे राजदूत



**अल्जीयर्स।** भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स में भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि आप भारत के सच्चे राजदूत हैं। अल्जीरिया में भारतीय समुदाय अपने देश के हितों और सॉफ्ट पावर को आगे बढ़ाने वाला पुल है। राष्ट्रपति मुर्मु रविवार को यहां पहुंचीं हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर साझा की गई सचित्र पोस्ट में यह जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आप में से प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर हमारी प्राचीन भूमि के मूल्य और संस्कृति को समेटे हुए है। जब भी आप किसी अल्जीरियाई व्यक्ति से मिलते हैं, तो आप उसका परिचय भारत की भावना से कराते हैं। भारत सरकार और भारतीय समाज ने विदेशों में भारत की स्थिति, प्रतिष्ठा और प्रतिष्ठा को बढ़ाने में भारतीय समुदाय के योगदान को हमेशा महत्व दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में कल अल्जीरिया पहुंचीं।

# सड़क किनारे मिली आरक्षक की पत्नी व बेटी की लाश, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी



**सूरजपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। सोमवार को दोनों की लाश घर से करीब तीन किलोमीटर दूर पीढ़ा गांव में सड़क के किनारे संदिग्ध हालात में मिली है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सहित आलाधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। कोतवाली थाना से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 13 अक्टूबर रविवार की शाम को प्रधान आरक्षक तालिब और आरक्षक घनश्याम सोनवानी चौपाटी पर खड़े थे। तब अचानक कुलदीप ने गर्म तेल सिपाही घनश्याम पर उड़ेल दिया। गंभीर हालत में घनश्याम सोनवानी को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आरक्षक घनश्याम सोनवानी पर कुलदीप साहू ने हमला कर मौके से फरार हो गया। पुलिस को आशंका है कि इस वारदात के बाद कुलदीप भैयाथान रोड स्थित रिंग रोड पर निवासरत प्रधान आरक्षक तालिब के घर पहुंचा और तालिब की पत्नी 32 वर्षीय मेहुफैज और 11 वर्षीय आलिया शेख बिटिया को बलपूर्वक उठा ले गया। जिसके बाद धारदार हथियार से दोनों ही लोगों की नृशंस हत्या कर शव को खेत के पास फेंक दिया है। फिलहाल पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

नेपाल सीमा पर चीनी अतिक्रमण संबंधी सरकारी फाइल गायब

# कर्मचारियों के मुंह खोलने पर प्रतिबन्ध

एजेंसी




**काठमांडू।** नेपाल की उत्तरी सीमा पर चीन के अतिक्रमण को लेकर तैयार की गई सरकारी रिपोर्ट की फाइल गायब होने का खुलासा हुआ है।विदेश मंत्रालय की तरफ से संसदीय समिति को भेजे गए पत्र में जांच रिपोर्ट की फाइल मिसिंग होने की बात कही गई है। इतना ही नहीं, इस रिपोर्ट को तैयार करने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों के कुछ भी बोलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

नेपाल और चीन के बीच सीमा विवाद की बात उठने के बाद 2021 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउवा की सरकार ने जांच के लिए गृह मंत्रालय के सहसचिव जयनारायण आचार्य के संयोजकत्व में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया था। इस समिति ने तीन महीने तक नेपाल-चीन की सीमाओं का भ्रमण कर उसके आधार पर रिपोर्ट तैयार करके सरकार को सौंप दी थी लेकिन उस रिपोर्ट को कभी सार्वजनिक नहीं किया गया। अब जब उस रिपोर्ट की फाइल खोजी जा रही है तो वह रिपोर्ट ही गायब होने की बात बताई जा रही है। कुछ दिन पहले ही संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति ने विदेश मंत्री को बुलाकर नेपाल-चीन सीमा से संबंधित रिपोर्ट के बारे में पूछा तो विदेश मंत्री डॉ. आरजू देउवा ने इस बारे में पता लगाकर संसदीय समिति को जानकारी देने की बात कही थी। अब विदेश मंत्रालय की तरफ से सोमवार को संसदीय समिति को भेजे गए पत्र में जांच रिपोर्ट की फाइल मिसिंग होने की बात कही गई है।

समिति के सभापति राजकिशोर यादव ने बताया कि आज ही विदेश मंत्री को दोबारा संसदीय समिति में खुद हाजिर होकर इस पर जवाब देने के लिए पत्र भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार इतनी असंवेदनशील कैसे हो सकती है। समिति के सभापति यादव ने कहा कि यह एक बड़ा षड्यंत्र है। नेपाल की सीमा पर चीन के अतिक्रमण की बात जगजाहिर है लेकिन सरकार के दस्तावेज से रिपोर्ट ही गायब हो जाना शर्मनाक है।

जांच समिति के संयोजक रहे जयनारायण आचार्य मौजूदा ओली सरकार में काठमांडू के प्रमुख जिला अधिकारी हैं। इस रिपोर्ट के बारे में पूछने पर आचार्य ने कुछ भी प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया। इस समिति के एक सदस्य ने नाम नहीं लिखने की शर्त पर बताया कि सरकार की तरफ से उनको इस रिपोर्ट के बारे में सार्वजनिक तौर पर या मीडिया में कुछभी बोलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके लिए बकायदा लिखित में आदेश दिया गया है।

# आरजी कर वित्तीय घोटाला : संदीप घोष और उनके करीबी निशाने पर

एजेंसी



**कोलकाता ।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय घोटाले के आरोपों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और उनके रिश्तेदारों की संपत्तियों की जांच तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार, ईडी को संदेह है कि संदीप और उनके करीबी व्यापारियों के बैंक खातों में अवैध लेन-देन हुए हैं, और आवश्यक होने पर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा सकती है। ईडी ने पहले ही संदीप के दो करीबी व्यापारियों, विक्रम सिंह और सुमन हाजरा, तथा उनके सुरक्षा गार्ड अशरफ अली खान से पूछताछ की है। इन चारों के आवासों पर भी छापेमारी की गई। जांच के दौरान कई संपत्तियों के दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिनमें संदीप के रिश्तेदारों और ससुराल पक्ष के नाम से कई संपत्तियां शामिल हैं। ईडी अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान संदीप के करीबियों ने संपत्तियों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी। जांच एजेंसी को शक है कि संदीप ने अपने रिश्तेदारों के नाम पर अवैध धन जमा किया है। इसके स्रोत का पता लगाने के लिए संदीप के करीबी रिश्तेदारों के लिखित बयान दर्ज किए गए हैं।

जांच में पता चला है कि 2021 से 2024 तक आरजी कर अस्पताल में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुईं। ईडी का आरोप है कि संदीप ने अपने करीबी व्यापारियों के माध्यम से फर्जी कंपनियों का उपयोग कर यह घोटाला किया। इन कंपनियों के जरिए अस्पताल में दवाओं और उपकरणों के अनुबंध हासिल किए गए, और इसी दौरान करोड़ों रुपये के काले धन को सफेद किया गया।

ईडी सूत्रों के अनुसार, सभी आरोपितों से पूछताछ के दौरान वे स्पष्ट जवाब देने से बचते रहे। अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े सभी सबूत जल्द ही विशेष अदालत में पेश किए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर संदीप और अन्य आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी जा सकती है।

## असम के मोरीगांव जेल से फरार एक कैदी का शव मिला, चार की तलाश

एजेंसी

**मोरीगांव।** मोरीगांव जिला जेल से शुक्रवार तड़के फरार पांच विचाराधीन कैदी में से एक का शव लहरीघाट के देवागुड़ी झील से बरामद कर लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार सुबह बताया कि विचाराधीन कैदी अब्दुल रशीद ने पुलिस से बचने के लिए इस झील में छलांग लगा दी थी।उसके शव को मोरीगांव सदर अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस कहना है कि जेल से भागे अन्य चारों विचाराधीन कैदियों सैफुद्दीन, जियारुल इस्लाम, नूर इस्लाम और मफीदुल रशीद की तलाश कर जा रही है। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व 20 फुट ऊंची जेल की दीवार फांदने के लिए इन कैदियों ने लुंगी व चादरों का इस्तेमाल किया था। सैफुद्दीन, जियारुल इस्लाम, नूर इस्लाम और मफीदुल रशीद पॉक्सो मामले में जेल में बंद थे।

# कच्चे तेल में गिरावट का रुख पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




एजेंसी

**नई दिल्ली।** इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.92 डॉलर यानी 1.16 फीसदी की गिरावट के साथ 78.12 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.90 डॉलर यानी 1.19 फीसदी लुढ़ककर 75.73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से शेयर बाजार की चाल में और तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में मुनाफा वसूली की मामूली कोशिश भी होती रही। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में लगातार तेजी बनी रही। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत और निफ्टी 0.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, लार्सन एंड टूब्रो, एचडीएफसी बैंक, विप्रो और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 2.41 प्रतिशत से लेकर 1.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, नेस्ले और टाटा स्टील के शेयर 0.75 प्रतिशत से लेकर 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,378 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,335 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,043 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 195.57 अंक की मजबूती के साथ 81,576.93 अंक के स्तर पर खुला। शुरूआती आधे घंटे के कारोबार में इस सूचकांक में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन इसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी देर में ही ये सूचकांक 500 अंक से भी अधिक उछल कर 81,930.66 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 451.45 अंक की मजबूती के साथ 81,832.81 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 59.20 अंक उछल कर 25,023.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक इस सूचकांक की चाल में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन आधे घंटे बाद ही अचानक जोरदार खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में जोरदार तेजी आ गई। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 160 अंक से अधिक की छलांग लगा कर 25,131.95 अंक के स्तर तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 143.45 अंक की बढ़त के साथ 25,107.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 230.05 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,381.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 34.20 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,964.25 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

न्यूज IN ब्रीफ

## दिल्ली पुलिस ने गुजरात पुलिस के साथ मिलकर पांच हजार करोड़ की कोकीन पकड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपिरेशन में रविवार को गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी की तलाशी में 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई। ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। पिछली बरामदगी मिलाकर अब तक दिल्ली पुलिस ने छापेमारी के दौरान कुल 1,289 किलोग्राम कोकीन और थाईलैंड की 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 13 हजार करोड़ रुपये है। इससे पहले दिल्ली में 1 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने महिपालपुर में तुषार गोयल नामक व्यक्ति के गोदाम पर छापेमारी करके 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप को जब्त किया था। जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की एक दुकान से लगभग 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि बरामद ड्रग्स फार्मा सलूशन सर्विसेज नाम की कंपनी का था और यह मादक पदार्थ गुजरात के अंकलेश्वर की अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से आया था। गुजरात में यह कार्रवाई संयुक्त रूप से दिल्ली की स्पेशल सेल की यूनिट और गुजरात पुलिस की तरफ से की गई।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 2 अक्टूबर को दक्षिणी दिल्ली के महिपालपुर में एक गोदाम से 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त किया था, जिसकी अनुमानित कीमत 5,620 करोड़ रुपए है। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद 10 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने पश्चिम दिल्ली में एक किराए की दुकान से 2,080 करोड़ रुपये की कीमत का 208 किलोग्राम कोकीन जब्त किया था। अब तक पुलिस करीब 7700 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली ड्रग्स केस में ईडी ने 11 अक्टूबर को मनी लॉड्रिंग का मामला दर्ज किया था। इस दौरान टीम ने दिल्ली-एनसीआर के कुछ लोकेशन के साथ-साथ मुंबई में छापेमारी भी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए थे।

## बहराइच में आस्था पर हमला करने वाले एक भी दोषी और आरोपित बचेंगे नहीं : मनीष शुक्ला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में मूर्ति विसर्जन के दौरान समुदाय विशेष के लोगों द्वारा पथराव और हिंसा फैलाने वाले उपद्रवियों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने एक श्रद्धालु की हत्या कर दी। प्रदेश की योगी सरकार आस्था पर हमला करने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। बहुसंख्यकों की आस्था पर हमला करने वाले कतई नहीं बक्शे जाएंगे। यह बात सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने बहराइच में हिंसा फैलाने वालों को लेकर कही। मनीष शुक्ला ने कहा कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कुछ उपद्रवियों ने हमला करके एक श्रद्धालु की हत्या कर दी। उप?द्रवियों के हमले में कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्य आरोपित सलमान सहित कई लोगों पर मुकदमें दर्ज किए गए हैं। 25 से अधिक लोगों को चिन्हित कर पूछताछ की जा रही है। लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर दिया गया है। पूरे प्रकरण में जो भी लोग शामिल हैं, उन्हें कतई बक्शा नहीं जाएगा। जिन लोगों ने बहुसंख्यकों की आस्था पर हमला किया है। शांति पूर्वक जुलूस में हमला किया है, ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। एक भी दोषी और एक भी आरोपित बचेगा नहीं।

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी जापान यात्रा पर रवाना, रक्षा संबंधों पर होगी वार्ता

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को जापान की यात्रा पर रवाना हुए, जो भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यात्रा के दौरान वह 14 अक्टूबर को जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज से बातचीत करेंगे और उसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारत-जापान संबंधों पर चर्चा करेंगे। कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि सेना प्रमुख 15 अक्टूबर को इचिगया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। इन बैठकों की योजना संयुक्त आत्मरक्षा बल के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल योशिदा योशीहिदे, जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोरिशिता यासुनोरी, अधिग्रहण, प्रौद्योगिकी और रसद एजेंसी के आयुक्त इशिकावा ताकेशी के साथ बनाई गई है। चचाओं का उद्देश्य भारत और जापान के बीच मजबूत सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना होगा। जनरल उपेंद्र द्विवेदी रक्षा मंत्रालय, इचिगया में स्मारक पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे और उन्हें जापानी सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। उनकी 17 अक्टूबर तक के यात्रा कार्यक्रम में जापान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत और राष्ट्रीय रक्षा अध्ययन संस्थान का दौरा भी शामिल है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी 16 अक्टूबर को जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोरीशिता यासुनोरी के साथ फूजी स्कूल का दौरा करेंगे, जहां वे फूजी स्कूल के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल कोडमा यासुयुकी के साथ बातचीत करेंगे। सीओएएस को स्कूल में ब्रीफिंग दी जाएगी और वे उपकरण और सुविधा प्रदर्शन भी देखेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी 17 अक्टूबर को हिरोशिमा का दौरा करेंगे, जहां वे हिरोशिमा शांति पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और शांति पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी की इस यात्रा का उद्देश्य भारत और जापान की सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना है, साथ ही दोनों देशों के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशना है।

## दुर्गा पूजा के दौरान लापता बच्चे का शव नदी से बरामद

**तिनसुकिया (असम)।** दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान लापता हुए बच्चे का शव आज मार्घेरिटा में नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने आज बताया कि पांच वर्षीय बच्चे का शव सोमवार को माघेरीटा के पास बुढ़ीदिहिंग नदी में तैरता हुआ मिला। ज्ञात हो कि बीते चार दिनों से बच्चा लापता था। मृतक बच्चे की पहचान अभिमन्यु चक्रवर्ती के रूप में हुई है। वह स्थानीय दुर्गा पूजा समारोह के दौरान शुक्रवार सुबह से लापता था। मार्घेरिटा पुलिस ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नदी से शव बरामद किया। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए तिनसुकिया सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। अभिमन्यु मार्घेरिटा के लाजुम वार्ड नंबर 4 में अपने दादा सत्यजीत भट्टाचार्य के घर से लापता हो गया था।

## भगवान महाकाल 18 अक्टूबर से आधा घंटा देरी से करेंगे भोजन, गर्म जल से करेंगे स्नान

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में आगामी 18 अक्टूबर को कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भगवान महाकाल की दिनचर्या बदलेगी। सर्दी के मौसम में अवंतिकानाथ सुबह आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। भस्म आरती में भगवान को गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा। दिनचर्या में बदलाव का यह क्रम फाल्गुन पूर्णिमा तक चलेगा।

## लचरागढ़ पंचायत भवन में इंद्र मेला को लेकर बैठक

**सिमडेगा:** लचरागढ़ पंचायत भवन में इंद्र मेला समिति की बैठक अमित साहू की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह उपाध्यक्ष सुनील सिंह दीपक कंडुलना, सचिव पवन अग्रवाल सह सचिव संतोष साहू. कोषाध्यक्ष विनीत पांडा. संरक्षक डॉ प्रभात कुमार जायसवाल. अमित कुमार साहू नरे साहू को बनाया गया इसके अलावा कार्यकारी सदस्य के रूप में कुलेश सिंह ,आशीष साहू ,राजू कसेरा, टोनी अग्रवाल ,नीतीश अग्रवाल ,प्रवीण साहू, सुदामा,संजय मिश्रा,संजय दुबे,धर्मवीर सिंह, प्रदीप साहू,राजेश को बनाया गया।

## कोलेबिरा में लगेगा रोजगार मेला नई उड़ान की ओर

**सिमडेगा:** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कॅरियर सेंटर, सिमडेगा द्वारा आयोजित रोजगार मेला 2024, एसएस. हाई स्कूल मैदान, कोलेबिरा में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

इस रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियाँ और संगठन भाग लेंगे, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। यह आयोजन युवाओं को अपने कौशल और योग्यता के अनुसार रोजगार प्राप्त करने में मदद करेगा।

## दारू के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने की मां की हत्या

**चान्हो:** थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में एक बेटे ने अपनी ही मां की हत्या कर दी। घटना में 35 वर्षीय सागर कुजूर ने अपनी 70 वर्षीय मां, शुशीला एक्का, को डंडे से मारकर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, सागर ने अपनी मां से दारू खरीदने के लिए जबरन पैसे मांगे। मां द्वारा पैसे देने से इंकार करने पर सागर ने गुस्से में आकर डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसकी मां की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद, सागर ने अपनी मां के शव को अपने घर के अंदर ही दफना दिया।

घटना की जानकारी जब चान्हो थाना को मिली, तो पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। चान्हो अंचल अधिकारी की मौजूदगी में शव को घर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए आरोपी सागर कुजूर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# राज्य का सर्वांगीण विकास कर रही है अबुआ सरकार : नमन विक्सल कोनगाड़ी

### विधायक ने किया शाहपुर पंचायत के बोम्बोटोली से लसिया तक के पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास

मेट्रो रेज

**कोलेबिरा:** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा प्रखंड के शाहपुर पंचायत के बोमबोटोली से लसिया तक का सड़क सुदृढ़ करने के काम का शिलान्यास कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने किया।

शिलान्यास स्थल पर पहुंचते ही विधायक कोनगाड़ी का स्वागत उपस्थित जनसमूह द्वारा किया गया।



तत्पश्चात विधायक कोनगाड़ी के हाथों सभी लोगों की उपस्थिति में शिलापट्ट का अनावरण किया गया। शिलान्यास स्थल पर आयोजित जनसभा को विधायक ने संबोधित किया।अपने सम्बोधन में विधायक ने कहा कि जब से झारखंड अलग राज्य का गठन किया गया,तब से अभी तक सबसे अधिक समय तक भाजपा और उसके सहयोगियों ने झारखंड में सरकार चलाई।लेकिन जिन उद्देस्यों के तहत झारखंड राज्य का गठन किया गया था।उन लक्ष्य से भाजपा और सहयोगी दलों की सरकार कोसों दूर रही।यहाँ तक कि जिस रफ्तार से राज्य का विकास होना चाहिए था, इसमें भी पूर्ववर्ती सरकार कोसों दूर रही।उसी समय हमारे कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा झापा गठबंधन के एनोस एक्का विधायक थे। विकास का झूठा भ्रम फैलाया गया। इनका असल काम उन विकास योजनाओं की आड़ में अपना और अपने सहयोगियों का विकास करना था। जिसका प्रमाण न्यायालय द्वारा दिया जा चुका है, जब एनोस एक्का को आय से अधिक मामले में सजा सुनाई गई एवं पूरे देश में उनकी कई सम्पतियों को जब्त भी किया गया,जिसमे उनकी एक सम्पति में अभी प्रवर्तन निदेशालय का ऑफिस भी है।

कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनगिनत योजनाएं हैं, जिनमे भ्रष्टाचार बुरी तरह से हावी रहा।अनेक पथ बनने के साथ ही उखड़ते चले गए।अनेक पुल पुलिया निर्माण होते ही एक भी बरसात नही झेल सके और पानी में समा गए।अनेकों उदाहरण हैं,जिनमे जमकर जनता के पैसों का बंदरबांट किया गया।बनने के साथ ही जर्जर हुए पथ पर ग्रामीणों का चलना मुश्किल हो गया था।आये दिन दुर्घटना होती थी। जिनमे जान माल का नुकसान हो रहा था। पूर्व में हुए भ्रष्टाचार से जनता पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी थी। अब जब से आपसभी ने अपनी सरकार बनाई, झारखंडी मानसिकता वाली सरकार बनाई।तब से सरकार ने झारखंड और झारखंडियों के विकास की कई योजनाओं को धरातल पर उतारा। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े अनगिनत रोड को मैंने अनुशंसा भेजकर पारित करवा कर फिर से बनवाने का काम कर रहा हूँ। और भी कई जनविकास से सम्बंधित योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। बिजली बिल मांफी योजना,200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मईया सम्मान योजना के तहत राज्य की महिलाओं का सशक्तिकरण योजना, अबुआ आवास योजना के तहत पहले से अधिक राशि देने की योजना, दो लाख तक कि कृषि ऋण मांफी योजना, आम बागबानी योजना, जंगलों पर अधिकार और वन भुमि के संरक्षण हेतु सामूहिक और व्यक्तिगत वनपट्टा का बितरण आदि अनेकों योजनाओं का संचालन आपकी अपनी झारखंड की गठबंधन सरकार कर रही है।लेकिन इन जनविकास की योजनाओं से भाजपा और झापा को पेटदर्द हो रहा है।वे इन योजनाओं को बंद करवाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने माननीय न्यायालय में केस भी किया है। अब हम सभी लोगों को बिरोधियो के इन षड्यंत्रों को समझना होगा। हमें बहुत जागरूक होना होगा। हमारी एकता को विखंडित होने से बचाना होगा।तथा आनेवाले चुनाव में इन समाज बिरोधियो को उनके द्वारा हमारे बिरुद्ध किये जा रहे षड्यंत्र का मुँहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है।

मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा, कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी रोशन बरवा, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक जमीर खान, प्रखंड अध्यक्ष सुलभ डुंगडुंग, जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद, पप्पू होता, मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगड़ी, जिला सचिव अल्पसंख्यक जमीर हसन, राजबासा अध्यक्ष सुकवन जोजो,कोलेबिरा विधानसभा युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग,शाहपुर पंचायत कांग्रेस पार्टी प्रखंड महासचिव पूनम कुल्लू, वार्ड सुनीता कुल्लू, वार्ड मंजुला कुल्लू, वार्ड रूत कुल्लू, वार्ड लिली कुल्लू, जुलेथा कुल्लू, आंद्रियास कुल्लू, रंजीत केरकेट्टा संतोष बा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में व्यक्ति की हत्या, छह आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**चान्हो:** थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में शुक्रवार को पुरानी रंजिश के चलते 55 वर्षीय अशोक सिंह की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक अशोक सिंह के पुत्र सुशांत कुमार सिंह ने सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसियों ने मिलकर उनके पिता की हत्या की।

प्राथमिकी दर्ज होते ही चान्हो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आबीद अंसारी, तबरेज अंसारी, मुमताज अंसारी, इश्तियाक अंसारी, कयूम अंसारी और नूर अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, एक आरोपी अभी भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, अशोक सिंह और उनके पड़ोसियों के बीच कई वर्षों से विवाद चला आ रहा था। शुक्रवार को अशोक सिंह दुर्गा पूजा पंडाल से पूजा कर लौट रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि पड़ोसी का भैंस उनके खेत में चर रहा है। इस बात को लेकर अशोक सिंह और पड़ोसियों के बीच कहासुनी हो गई। झगड़ा बढ़ते ही पड़ोसियों ने गुस्से में धारदार हथियार से अशोक सिंह पर हमला कर दिया। हमले में उनके माथे पर गहरी चोट लगने के कारण अशोक सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इस घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने चान्हो के बाजारों को बंद करा दिया और बिजुपाड़ा में बैठक कर इस नृशंस हत्या की निंदा की। लोगों ने सभी आरोपियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड

बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर झारखण्ड

220/33 के0वी0 ग्रीड सब-स्टेशन, पकरीबरवाडीह का

शिलान्यास समारोह







मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति
श्री मनीष जयसवाल
माननीय सांसद, हजारीबाग
श्री काली चरण सिंह
माननीय सांसद, चतरा
श्री किशुन दास
माननीय विधायक, सिमरिया
सुश्री अम्बा प्रसाद
माननीय विधायक, बड़कागांव

दिनांक: 14 अक्टूबर 2024
समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे
स्थान: NTPC का पकरीबरवाडीह ग्रीड सब-स्टेशन परिसर, हजारीबाग

झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड
PR- 338755 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25